सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# दैनिक करंट क्राइम

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। सोमवार 20 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 301 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







### दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया

# शाम 5:46 मिनट से रात 8:18 मिनट तक रहेगा पूजा का मुहूर्त



### महंत नारायण गिरी ने बताया — लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

करंट क्राइम : महंत नारायण गिरी के अनुसार, कार्तिक अमावस्या तिथि की शुरूआत 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी, और इसका समापन 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगा। हालांकि दिवाली पूजा में प्रदोष और निशीथ काल का विशेष महत्व होता है। महंत नारायण गिरी ने बताया कि इस दौरान मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करने से घर में धन, सुख और समृद्धि बनी रहती है।

**प्रदोष काल** : शाम 5 :46 मिनट से रात 8 :18 मिनट तक

**वृषभ काल** : रात 7 :08 मिनट से रात 9 :03 मिनट तक

इसके अलावा

**अभिजीत मुहूर्त** : 21 अक्टूबर को सुबह 11 :43 से 12 :28 बजे तक

**अमृत काल** : दोपहर 1 :40 से 3 :26 बजे तक रहेगा।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देशभर में इस बार दीपावली का पर्व सोमवार, 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। धन की देवी माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्तजन विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। ऐसे में गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि दो दिन 20 और 21 अक्टूबर – पड़ रही है। दोनों ही दिन लक्ष्मी पूजन के लिए शुभ रहेंगे, लेकिन 20 अक्टूबर की रात्रि का मुहूर्त विशेष रूप से उत्तम है।

### शाम में करें मां लक्ष्मी की विशेष पूजा

करंट क्राइम : महंत गिरी ने कहा कि सनातन परंपरा में अधिकांश पर्व उदया तिथि के आधार पर मनाए जाते हैं, लेकिन दीपावली इसका अपवाद है। दीपावली की पूजा अमावस्या की रात्रि में प्रदोष काल में करने का विधान है। इसलिए शाम के समय लक्ष्मी पूजन सबसे शुभ माना गया है। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रदोष या निशीथ काल में दीपदान और लक्ष्मी पूजन करते हैं, उन्हें माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है और उनके घर में सदैव धन और सौभाग्य बना रहता है।

### दीवाली की रात मां लक्ष्मी की पूजा क्यों की जाती है

करंट क्राइम : महंत नारायण गिरी के अनुसार कार्तिक मास की अमावस्या के दिन समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी का प्रकट होना माना गया है। इसलिए यह दिन उनके जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि दीपावली की रात्रि में मां लक्ष्मी अपने भक्तों के घर पधारती हैं। जो लोग श्रद्धा, भक्ति और शुद्धता से पूजन करते हैं, उनके घर में लक्ष्मी का वास होता है। महंत गिरी ने यह भी कहा कि दिवाली की रात साधना, मंत्र-जप और ध्यान करने वालों के लिए भी अत्यंत फलदायी होती है। इस समय किए गए लक्ष्मी साधना और दीपदान से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि आती है। महंत नारायण गिरी ने आह्वान किया कि इस दीपावली पर सभी भक्त प्रदोष काल में दीपक जलाकर मां लक्ष्मी का आह्वान करें, ताकि उनके घरों में धन-धान्य और खुशहाली बनी रहे।

## सांसद अतुल गर्ग का दिल्ली वाला पता है सी-1/131 पंडारा पार्क

**कविनगर केडी-14 में रहेगा सांसद अतुल गर्ग का स्थानीय निवास**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अब दिल्ली में शिफ्ट हो गये हैं। हालाकि वो पहले की तरह गाजियाबाद में कविनगर स्थित आवास केडी-14 पर उपलब्ध रहेंगे। लेकिन उनका अब दिल्ली का नया पता सी-1/131 पंडारा पार्क है। सांसद अतुल गर्ग वैसे तो दिल्ली विधानसभा चुनाव में ही पार्टी द्वारा दिये गये दायित्वों को समय से पूरा करने के लिए दिल्ली में शिफ्ट हुए थे। तब वो दिल्ली की गंगा सोसायटी में रह रहे थे। अब उन्होंने अपना आवास सी-1/131 पंडारा पार्क में शिफ्ट कर लिया है। यह गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का दिल्ली वाला पता है। धनतेरस के दिन उन्होंने इस नये आवास में हवन पूजन किया और ग्रह प्रवेश किया।



# दीपावली को लेकर बाजारों, मॉल और बॉर्डर इलाकों में चला सघन चेकिंग अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छोटी दीपावली और दीपावली की पूर्व संध्या पर रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए विशेष सघन चोकिंग अभियान चलाया गया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की टीमों ने बाजारों, मॉल और बॉर्डर इलाकों में सघन जांच की। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और सामान की गहन तलाशी ली गई। बम निरोधक दस्ते ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल और प्रमुख बाजारों में हर कोने की जांच की ताकि त्योहारों के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो सके।



### बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने संभाली कमान







### एसीपी इंदिरापुरम और डीसीपी ने संभाली सुरक्षा की कमान

**करंट क्राइम :** दिल्ली बॉर्डर से लेकर साहिबाबाद तक पैदल गश्त, सघन निगरानी एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल ने दिल्ली-कौशांबी, इंदिरापुरम लिंक रोड, साहिबाबाद और शालीमार गार्डन क्षेत्रों में पैदल गश्त की। डीसीपी ट्रांस-हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देशन में टीमों ने बॉर्डर पॉइंट्स पर गाड़ियों की जांच और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। भीड़ वाले बाजारों में पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया। त्योहार के दौरान हर संवेदनशील क्षेत्र में क्विक रेस्पॉन्स टीम और महिला पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

### पुलिस कमिश्नर बोले, कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता, त्योहारों पर सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहेगी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने बताया है कि दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा योजना लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सभी जोन में एसीपी और थानाध्यक्षों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि डॉग स्क्वॉड, सर्विलांस और ट्रैफिक यूनिट के बीच तालमेल बढ़ाकर शहर में सुरक्षा के हर पहलू पर नजर रखी जा रही है।

# ग्रीन पटाखों की आड़ में गाजियाबाद में जमकर बिके पटाखे

### कहीं चोरी छिपे बिके तो कहीं चला खुला खेल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली पर इस बार ग्रीन पटाखों की बिक्री को लेकर एनजीटी प्रशासन ने कुछ छूट दी थी, लेकिन गाजियाबाद के बाजारों में इसका असर अलग ही दिखा। ग्रीन पटाखों के नाम पर जमकर तेज आवाज और तेज रोशनी फैलाने वाले पटाखों की बिक्री हुई। लोनी, फरुखनगर, विजयनगर, सेक्टर-23, संजय नगर और मोदीनगर जैसे क्षेत्रों में पटाखों की दुकानें सजी रहीं और लोगों ने धड़ल्ले से खरीदारी की। शहर के प्रमुख बाजारों में दिनभर रौनक रही, वहीं शाम तक पटाखों की मांग इतनी बढ़ गई कि कई दुकानों पर स्टॉक खत्म होने की नौबत आ गई।

### लोनी और फरुखनगर में सुबह से लगी भीड़, गोदामों में रही रौनक

करंट क्राइम : दीपावली से पहले सुबह से ही गाजियाबाद के लोनी, फरुखनगर और साहिबाबाद इलाकों में पटाखा विक्रेताओं के गोदामों पर खरीदारों की भीड़ जुटने लगी। करीब सभी प्रमुख गोदामों और दुकानों पर लंबी कतारें दिखीं। बताया जा रहा है कि लोनी और फरुखनगर क्षेत्र में कई पुराने पटाखा विक्रेता हैं, जिनके पास ग्रीन पटाखे के लाइसेंस हैं। लेकिन, इन दुकानों पर तेज आवाज वाले पटाखे भी खुलेआम बिकते दिखे। कई जगहों पर स्थिति संभालने के लिए स्थानीय पुलिस को भी मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत करना पड़ा। पुलिस के निदेर्शों के बावजूद यहां बड़ी संख्या में आतिशबाजी सामग्री बेची गई।



### कमिश्नरेट पुलिस ने की सख्त कार्रवाई, करोड़ों के पटाखे जब्त



करंट क्राइम। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने दीपावली से पहले और दौरान अवैध पटाखा बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में क्राइम ब्रांच, घंटाघर कोतवाली, टीला मोड़, मोदीनगर, भोजपुर, लोनी, खुदा, इंदिरापुरम, मधुबन बापूधाम और साहिबाबाद थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इस दौरान करोड़ों रुपये मूल्य के अवैध पटाखे जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, कई स्थानों पर बिना अनुमति गोदाम बनाकर पटाखे बेचे जा रहे थे। कार्रवाई में शामिल अधिकारियों का कहना है कि ग्रीन पटाखों के नाम पर कई विक्रेताओं ने पुराने स्टॉक को बाजार में उतार दिया था, जिस पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

### शहर में प्रदूषण का खतरा बढ़ा, प्रशासन हुआ अलर्ट

करंट क्राइम : हालांकि दीपावली की रात बाजारों में रोशनी और उल्लास रहा, लेकिन पटाखों के धुएं ने गाजियाबाद की हवा को और प्रदूषित कर दिया। पर्यावरण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। ग्रीन पटाखों के दावे के बावजूद भारी मात्रा में धुएं और धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। प्रशासन ने अब पोस्ट-दीपावली एयर क्लीनिंग अभियान शुरू करने की तैयारी की है, जिसमें सड़क धुलाई, एंटी-स्मॉग गन और सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी की जाएगी।





# मेरा टिकट ना कोई कटा सकता है और ना कोई करा सकता है बाकि होई है सोई जो राम रचि राखा : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा राजनीति के हैवी वेट खिलाड़ी माने जाते हैं। चेहरे पर एक मुस्कान रखते हैं और वो जानते हैं कि सियासत में अपने विरोधियों का कैसे इंतजाम करें। बड़ी बात ये है कि चेहरे पर तल्खी लाये बिना ही वो सब काम कर देते हैं। वे किस गेंद पर कौन सा शॉट मारेंगे ये किसी खिलाड़ी को नहीं पता होता। राजनीतिक रसूख है और हाल ही में उन्होंने शहर विधायक संजीव शर्मा से तारीफ प्राप्त करने के बाद उन्हें रिर्टन तारीख भेजी। रिर्टन तारीफ देने वाले कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा 2027 में कहां से चुनाव लड़ेंगे इसको लेकर उनकी करंट क्राईम से बातचीत हुई। मौका दीपावली मिलन का था और यहां उन्होंने पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप का हाथ लगभग 20 मिनट तक थामे रखा। वो राजनीति में एक संदेश देते हैं और उन्होंने सवाल के बाद फिर पूर्व एमएलसी सुदेश शर्मा के कंधे पर अपना हाथ रख लिया। और यहां उन्होंने तारीफों से इतर जाकर कुछ बातों पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी। करंट क्राईम ने जब उनसे कहा कि आप 2027 में खुद निवेदक की भूमिका में रहोगे, क्योंकि आपको अपना टिकट भी बचाना है। सुनील शर्मा इस सवाल को सुनकर मुस्कुराये और उसकी वजह भी ये है कि वो टिकट के मामले में डिसिजन मेकिंग वाली भूमिका में भी आते हैं। यहां उनके सामने सवाल ये है कि आपकी सबसे बड़ी चुनौती खुद का टिकट बचाने की है। इस सवाल को सुनकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने प्रिय प्रेम त्यागी की आंखों में देखते हुए कहा चुनाव में कोई मेरा टिकट कटवा दे या कोई मेरा टिकट करवा दे ऐसा कोई नही है। बाकी तो ये है कि होई वही जो राम रची राखा। ये कहकर उन्होंने अपनी बात को आध्यात्मिक अंदाज में समाप्त किया।

### जिस सीट से करेगी पार्टी आदेश वहीं से लडूंगा

करंट क्राइम। बातचीत का सिलसिला चला तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को सबसे पहली प्राथमिकता संगठन को देनी चाहिए। यहां करंट क्राइम ने उन्हें टटोला और ये पूछा कि अगर साहिबाबाद से अलग किसी सीट पर पार्टी ने आपको चुनाव लड़ा दिया तो आपका क्या रूख रहेगा। इस सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रोचक बात रखी और वो बात को 2017 के चुनाव से ले जाते हुए 2012 के चुनाव तक ले आये। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कई ऐसे लोग थे जो मुझे सलाह दे रहे थे और चाहते थे कि मैं मोदीनगर, मुरादनगर या शहर सीट से चुनाव लड़ लूं। तब मैंने स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि अगर मैं चुनाव लडूंगा तो साहिबाबाद से ही लडूंगा। फिर उन्होंने कहा कि अब की परिस्थिति को देखते हुए पार्टी मुझे जिस भी सीट पर मौका देगी मैं उसी सीट से चुनाव लडूंगा। इस बातचीत में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पूर्वांचल की एक सीट का भी जिक्र किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर वहां से भी पार्टी कहे तो मैं वहां से भी चुनाव लड़ लूंगा। इसके अलावा उन्होंने सब कुछ पार्टी के निर्देशों पर टाल दिया। यह कहकर सुनील शर्मा ने भविष्य की राजनीति को गर्माते हुए छोटी दिवाली पर ही संभावनाओं वाला बम फोड़ दिया। वो जानते हैं कि इस बम की गूंज कहां तक सुनाई देगी। क्योंकि सवाल को दायरा जिला गाजियाबाद था। इस बात को वो बखूबी जानते थे।



### रामभक्तों के लहू से लथपथ हुई नगरी आज दीपों के सागर में नहा रही है : सीएम योगी

**अयोध्या।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या रविवार की शाम भक्ति और आलोक से जगमगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू तट पर मां सरयू की आरती कर दीपोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। लाखों दीपों से आलोकित अयोध्या में मुख्यमंत्री ने कहा कि रामभक्तों के लहू से लथपथ की गई यह नगरी आज दीपों के सागर में नहा रही है और यही नया भारत है, जो अपनी आस्था, अस्मिता और विकास तीनों में आत्मविश्वास से जगमगा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरयू घाट पर मां सरयू की विधिवत पूजन के बाद की आरती की, जहां उनके साथ कई मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके बाद राम कथा पार्क पहुंचकर उन्होंने जनता को संबोधित किया। उन्होंने उपस्थित रामभक्तों से स्मार्टफोन की लाइट जलाकर जय श्री राम का उद्घोष करने को कहा, जिससे पूरा पार्क ज्योति से जगमगा उठा।

# 29 लाख दीयों से जगमगाई रामनगरी
# अयोध्या ने रचा विश्व कीर्तिमान

**अयोध्या।** राम की नगरी अयोध्या में लगातार नौवीं बार भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 29 लाख दीयों से अयोध्या जगमगा उठी। राम की नगरी अयोध्या दीपोत्सव के अवसर पर 29 लाख दीयों की रोशनी से दमक उठी। राम की पैड़ी का कोना-कोना जगमगा उठा। इस दौरान पूरी दुनिया ने अयोध्या का एक ऐसा मोहक रूप देखा जो कि उनके मानस पटल पर सदैव के लिए अंकित हो गया।



राम की नगरी में लगातार नौंवी बार दीपोत्सव का आयोजन किया गया जिसकी भव्यता को पूरी दुनिया ने देखा और कहा कि अब अयोध्या अपने चमकदार वर्तमान से रूबरू हो रही है। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26. 11 लाख दीये जलाए गए।

(राम की पैड़ी का विहंगम दृश्य। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित भाजपा सरकार के अन्य मंत्री व पार्टी पदाधिकारी इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। (राम की पैड़ी पर शानदार प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।)

वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है।



दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर रामलला के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित किया और फिर सरयू की महाआरती में शामिल हुए। राम दरबार में दीप प्रज्ज्वलन होने के बाद ही राम की नगरी 29 लाख दीयों से दमक उठी।

अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर सीएम योगी ने प्रभु श्रीराम का लक्ष्मण व सीता सहित स्वागत किया और उनका राजतिलक किया। अयोध्या के रामकथा पार्क में प्रभु श्रीराम का राजतिलक किया गया।

## दिल्ली की हवा में घुला जहर: कई इलाकों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में पहुंचा, अक्षरधाम के पास 400 के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। सीपीसीबी के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 430 और अक्षरधाम के पास 426 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में है। अशोक विहार, बवाना और जहांगीरपुरी में एक्यूआई 300 से ऊपर रहा। प्रदूषण नियंत्रण के लिए इंडिया गेट पर पानी के छिड़काव यंत्र लगाए गए हैं, लेकिन वायु गुणवत्ता अब भी खराब बनी हुई है।



राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) गंभीर और खराब श्रेणी में दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 430 पहुंचा, जो गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं, अक्षरधाम क्षेत्र में एक्यूआई 426 दर्ज किया गया। अशोक विहार (306) और बवाना (309) में वायु गुणवत्ता ह्यबहुत खराब श्रेणी में रही। जहांगीरपुरी में एक्यूआई 318, द्वारका सेक्टर 8 में 341 एक्यूआई दर्ज किया गया है। चांदनी चौक में एक्यूआई 291, आईजीआई एयरपोर्ट पर 288, जबकि बारापुला फ्लाईओवर के पास 290 और आईटीओ के पास 284 रिकॉर्ड किया गया, जो सभी खराब श्रेणी में आते हैं। प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए प्रशासन ने कुछ कदम उठाए हैं। प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए कई इलाकों में पानी के छिड़काव यंत्र (मिस्ट स्प्रिंकलर) लगाए गए हैं। उधर, इंडिया गेट के आसपास प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए पानी के छिड़काव यंत्र (मिस्ट स्प्रिंकलर) लगाए गए हैं।

## हिमाचल में विधायकों से ज्यादा अधिकारियों का वेतन

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विधायकों से भी ज्यादा वेतन अफसर ले रहे हैं। एक विधायक को 2.95 लाख रुपये वेतन-भत्ते के रूप में मासिक मिल रहे हैं तो मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव को 3,46,400 रुपये वेतन मिल रहा है।

जिला स्तर पर नियुक्त अधिकारी भी 3.22 लाख रुपये मासिक दिया जा रहा है। विधायकों के वेतन और भत्तों के विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद अब सोशल मीडिया पर चुने हुए इन प्रतिनिधियों को निशाने पर लिया जा रहा है, मगर विधायकों से ज्यादा वेतन मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव से लेकर जिला स्तर पर नियुक्त कई अधिकारी ले रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी 3.22 लाख रुपये से अधिक वेतन मिल रहा है, जो विधायकों से कहीं अधिक है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता को 2,73,975 से लेकर तीन लाख रुपये मासिक वेतन मिलता है। शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों के प्रोफेसर और प्रधानाचार्य को अधिकतम 3,21,472 रुपये, जबकि कॉलेज प्रधानाचार्यों को 2.50 लाख से तीन लाख रुपये और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर को 3,19,040 रुपये वेतन मिलता है। कुलपति को प्रोफेसर से करीब चार हजार और कुलपति को पांच हजार



रुपए अधिक प्रदान किए जाते हैं।

राज्य सरकार के सचिव भी कम से कम 2.27 लाख रुपये प्रतिमाह पाते हैं। विधायकों को अपना बिजली और पानी का बिल खुद चुकाना होता है। घर का किराया भी खुद देना पड़ता है और आयकर भी खुद ही देना पड़ता है, जबकि पहले विधायकों का टैक्स भी राज्य सरकार ही देती थी।

हमें जो कुछ भी मिलता है, वह सामाजिक कार्यों में ही खर्च हो जाता है। सभी तरह के व्यय को जोड़ा जाए तो एक आला अधिकारी को साढ़े तीन लाख रुपये क्या पांच लाख रुपये तक मिलते हैं। विधायक तो बिजली, पानी आदि के बिल खुद देते हैं। - दीपराज कपूर, विधायक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष

विधायकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी का यह फैसला सही है। आपदा में विधायक ही सबसे पहले प्रभावितों के क्षेत्रों में पहुंचे। विधायकों को आम लोगों की भी मदद करनी होती है। शादी-विवाह से लेकर उन्हें हर समारोह में शामिल होना होता है। विधायकों का प्रोटोकॉल तो मुख्य सचिव से भी ऊपर का होता है। इस प्रोटोकॉल को भी ठीक तरीके से अधिसूचित किया जाना चाहिए। - केवल सिंह पठानिया, विधायक एसोसिएशन के अध्यक्ष

## 'अयोध्या में दीयों पर इतना खर्च क्यों...'
## अखिलेश के बयान पर विहिप नेता बोले सनातन विरोधी मानसिकता छोड़ें

**आगरा।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के 'दिवाली-क्रिसमस' पर दिए बयान पर विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि जब ईसाई धर्म नहीं था, तब भी दिवाली मनाई जाती थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के 'दिवाली-क्रिसमस' वाले बयान पर विहिप नेता विनोद बंसल ने कहा कि दीये बनाने वाला कुम्हार समाज, जिस पर हमें गर्व है। ये समाज अपने दीयों से पूरी दुनिया को रोशन करना चाहता है। लेकिन उन्हें (अखिलेश यादव) चिंता है कि कहीं पीडीए का समाज भी रोशन न हो जाए, समाज के लोगों की कमाई न हो जाए।



विहिप नेता ने कहा कि जब ईसाई धर्म नहीं था, तब भी दिवाली मनाई जाती थी। आज दिवाली पर वह क्रिसमस पर प्रवचन दे रहे हैं। क्रिसमस दो महीने बाद आएगा। उन्हें ये भी नहीं पता कि कौन सा त्योहार आने वाला है और कौन सा आ चुका है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव अपनी सनातन विरोधी मानसिकता से कब मुक्त होंगे?

### सपा मुखिया ने दिया था ये बयान

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि सरकार अयोध्या में दीयों पर हर साल बार-बार इतना धन क्यों खर्च कर रही है, यह समझ से परे है। दुनिया के तमाम देशों में क्रिसमस पर महीनों रोशनी रहती है, उनसे सीखना चाहिए। साथ ही कहा कि सपा सरकार बनने पर हर साल कुम्हारों से एक करोड़ दीये खरीदे जाएंगे।

## कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने फिर लगाया चुनाव में हेराफेरी का आरोप, भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा कि भारत में चुनावों में हेराफेरी होती है और चुनाव आयोग व सुप्रीम कोर्ट इसे स्वीकार करते हैं। उनके इस बयान पर भाजपा ने पलटवार करते किया और उन्हें 'भारत बदनाम करने वाला' बताया।

भारतीय प्रवासी कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान ने एक बार फिर राजनीतिक बहस तेज कर दी है। उन्होंने दावा किया है कि भारत में चुनावों में हेराफेरी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते।

पित्रोदा ने कहा, लोगों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की मांग करनी चाहिए, क्योंकि लोकतंत्र की शुरूआत वहीं से होती है। आप जानते हैं कि चुनावों में गड़बड़ी होती है। हमारे पास इसके सबूत हैं, हम इसे समझते हैं। मैं ये बात लंबे समय से कह रहा हूं। कुछ लोग इसे गंभीरता से लेते हैं, कुछ नहीं।

उन्होंने आगे कहा, चुनाव आयोग और वहां काम कर रहे वरिष्ठ लोग सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है। लेकिन आपको कोई सुनवाई नहीं मिलती। चुनाव आयोग नहीं मानता, सुप्रीम कोर्ट नहीं मानता। पित्रोदा ने सवाल उठाते हुए कहा, फिर क्या करें? देखिए, आपके पास अब विश्वविद्यालयों में जाकर बोलने की आजादी भी नहीं है।



लेकिन यही भारत है जिसमें हम जी रहे हैं और सभी लोग इसे पसंद करते हैं। उनको और शक्ति मिले, मैं क्या कहूं? भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पित्रोदा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, सीरियल ऑफेंडर (आदतन अपराधी) ने फिर यह कर दिया। चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट और जनता को भी विदेश की धरती से बदनाम किया। पहले राहुल गांधी और अब सैम। उन्होंने आगे कहा, इनका एक ही एजेंडा है- सिर्फ भाजपा का विरोध करने के लिए भारत को बदनाम करना। सेना से संविधान तक, ये लोग संदेह पैदा करते हैं और प्रोपेगेंडा फैलाते हैं। ये सब 'भारत बदनामी ब्रिगेड' का हिस्सा हैं।

शहजाद ने दावा किया, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस से जुड़े एक मामले में फर्जी हलफनामा देने के लिए फटकार लगाई। बिहार में मतदाता सूची पर इन्होंने कोई ठोस अपील नहीं की, महाराष्ट्र में भी कोई सबूत नहीं दे पाए और सुप्रीम कोर्ट ने आरोप खारिज कर दिए। ये लोग सिर्फ हिट एंड रन करते हैं।

## पटाखा बाजार में भीषण आग, धमाकों से गूंजा इलाका 80 से अधिक दुकानें खाक, दमकल ने पाया काबू





लोधी गंज पटाखा बाजार में भीषण आग लगी।

**कानपुर।** लोधीगंज पटाखा बाजार में रविवार दोपहर भीषण आग लगने से 80 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं और इलाका धमाकों से गूंज उठा। इस दौरान कई दोपहिया वाहन भी जले और भीड़ में भगदड़ मच गई। आग पर डेढ़ घंटे बाद काबू पाया जा सका। फतेहपुर जिले के लोधीगंज हाईवे किनारे लगी पटाखा बाजार में रविवार दोपहर 12 बजे करीब आग लग गई। आग लगते ही पूरा इलाका धमाकों से गूंज उठा। जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय मौके पर सिर्फ एक छोटी दमकल की गाड़ी और खरीदारों की भीड़ एकत्र थी।

पटाखों के धमाकों से भीड़ में खलबली मच गई। इधर-उधर भागते लोग एक-दूसरे पर गिरकर चोटिल हुए। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, एक के बाद एक दुकानें आग की चपेट में आती चली गई। धमाके और धुंए के चलते हाईवे किनारे लोगों की भीड़ लग गई।

### 60 फीसदी दुकानें जलकर खाक

इससे आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर सीओ सिटी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ियां भी पहुंचने लगी, लेकिन तब तक 60 फीसदी दुकानें जलकर खाक हो चुकी थी। आग पर करीब डेढ़ घंटे के बाद काबू पाया जा सका।

### घायलों के बारे में प्रशासन कुछ नहीं बता पा रहा

पटाखा बाजार के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन के तारों को लेकर भी लोगों में दहशत रही। आग की चपेट में आकर कई दो पहिया वाहन भी जल गए। हालांकि अभी तक घायलों के बारे में प्रशासन कुछ नहीं बता पा रहे है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## ई-वाहनों पर सरकार देगी 440 करोड़ की सब्सिडी
## जापानजर्मनी की कंपनियां भी यूपी में लगाएंगी ईवी इकाइयां

**लखनऊ।** यूपी सरकार ई-वाहनों पर 440 करोड़ की सब्सिडी देगी। अगले दो वर्ष में प्रदेश ई-वाहनों का सबसे बड़ा बाजार बनकर उभरेगा। यहां जापान और जर्मनी की कंपनियां भी ईवी इकाइयां लगाने की इच्छुक हैं। यूपी सरकार ई-वाहनों की खरीद पर ग्राहकों को पांच साल में 440 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। पिछले तीन साल में इस मद में केवल 85 करोड़ ही दिए गए। 355 करोड़ अगले दो साल में देने का लक्ष्य रखा गया है। माना जा रहा है कि इतनी भारी सब्सिडी से यूपी ई वाहनों का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। अभी देश में बिकने वाले कुल ई वाहनों में यूपी की हिस्सेदारी 18 फीसदी है।

उच्च स्तरीय प्राधिकृत ई व्हीकल समिति की बैठक में प्रदेश में ई वाहनों की बिक्री के साथ निर्माण पर खास फोकस किया है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन एवं गतिशीलता नीति-2022 के अंतर्गत प्रथम तीन वर्ष में उत्तर प्रदेश में पंजीकृत सभी ई वाहनों पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में 100% छूट का प्रावधान था। इसकी



वैधता 13 अक्तूबर 2025 तक थी। नीति में चौथे एवं पांचवें वर्ष में राज्य में ही बनने वाले और पंजीकृत वाहनों पर वित्तीय प्रोत्साहन प्रभावी था।

### राज्य में ईवी अपनाने की दर में वृद्धि होगी

इसे दो वर्ष और बढ़ाने के फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह शून्य उत्सर्जन वाहन को बढ़ावा देना है। इसके लिए भारत में प्रमुख ईवी नीतियों की समीक्षा भी की गई। इसमें यह बात सामने आई कि दिल्ली, महाराष्ट्र कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे प्रमुख राज्य ईवी वाहनों के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में 100% तक छूट दे रहे हैं। समिति ने पाया कि नीति के तहत अगले दो वर्ष भी राज्य सरकार 100 फीसदी छूट जारी रख सकती है। इस निर्णय से राज्य में ईवी अपनाने की दर में वृद्धि होगी।

### यूपी की हिस्सेदारी 18 फीसदी

नीति आयोग की रिपोर्ट-2024 के अनुसार उत्तर प्रदेश परफॉर्मर श्रेणी में आता हैं, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूरे देश में बिके कुल ई वाहनों में राज्य का बाजार हिस्सा 18% रहा। शासन ने इससे निष्कर्ष निकाला कि उत्तर प्रदेश में ईवी की स्वीकृति पर जोर देने की अभी भी प्रबल आवश्यकता है, जिससे राज्य में ईवी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण और ईवी उपयोग की वृद्धि और तेज होगी। दो वर्ष के लिए सब्सिडी जारी रखने के साथ राज्य में निर्मित वाहनों की शर्त को इसलिए हटाया गया है क्योंकि उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर ईवी विनिर्माण सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। राज्य सरकार इन्वेस्ट यूपी में स्थापित समर्पित ऑटो-डेस्क के माध्यम से ऑटो कंपनियों और घटक विनिर्माताओं को आकर्षित कर रही है।

## दीपावली खुशियों वाली... नए कपड़े, मिठाई, पटाखे पाकर खिले बच्चों के चेहरे: डॉ पी.कुमार

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दीपावली पर हर चेहरे पर मुस्कान हो, हर घर में खुशियां हो, ऐसी ही सोच के साथ रोशनी एनजीओ के चेयरमैन डॉ पी. कुमार ने रविवार को इंदिरापुरम शक्ति खंड 4 स्थित झुग्गियों में दीपोत्सव की खुशियां बांटी। यहां पटाखे, मिठाई, नए वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वहीं, गरीब परिवारों को रोशनी ने एनजीओ जरूरत का सामान, दीप, तेल, बाती आदि का भी वितरण घर-घर जाकर किया।





इस मौके पर डॉक्टर पी कुमार ने कहा कि हर चेहरे पर मुस्कान हो, हर घर में खुशियां हो, ऐसी ही सोच के साथ रोशनी एनजीओ के माध्यम से मानव सेवा ही सेवा को साकार किया।

बच्चों को मिठाइयाँ और उपहार दिए गए, जिनमें नए कपड़े और अन्य उपयोगी सामान शामिल थे।


एनजीओ का पहला उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी दीपावली के उल्लास से न रहें। बच्चों के बचपन पर आई मुस्कान ने इस इवेंट को और भी सारगर्भित बना दिया। डॉ. पी कुमार ने कहा कि दीपावली केवल अपने घर को सजाने का नहीं है, बल्कि उन लोगों के जीवन में खुशियों और रोशनी का पर्व है, जिसमें इसका सबसे बड़ा उत्सव है।ओर समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वे ऐसे शुभ अवसरों पर गरीब और गरीब लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

## दीपावली नजदीक आते ही चढ़ने लगा एक्यूआई, सप्ताहभर तक प्रदेश में शुष्क रहेगा मौसम

**देहरादून।** दून का एक्यूआई 12 अक्तूबर को 49 दर्ज किया गया। शनिवार को यह 58 तक पहुंच गया। बीते साल 18 अक्तूबर को दून का एक्यूआई 145 दर्ज किया गया था।

भले इस साल सामान्य से अधिक हुई बारिश से प्रदेशभर में आई आपदा से मुश्किलें बढ़ी हों लेकिन इससे शहरभर की हवा साफ हुई है। वहीं, दीपावली नजदीक आते ही अब एक्यूआई का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। विशेषज्ञों का कहना है चटक धूप खिलने से हवा में मौजूद धूल के कण प्रदूषण का रूप लेते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो बीती 12 अक्तूबर को दून का एक्यूआई 49 दर्ज किया गया। जबकि शनिवार को यह 58 तक पहुंच गया। हालांकि विशेषज्ञों के अनुसार हवा का यह मानक साफ है। जबकि बीते साल 18 अक्तूबर को दून का एक्यूआई 145 दर्ज किया गया था।

वहीं, इस अक्तूबर में अभी तक बीते साल की तुलना में अधिक सुधार देखने को मिला है। उधर मौसम की



बात करें तो सप्ताहभर तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। चटक धूप खिलने से जहां पहाड़ों में ठंड से राहत मिलेगी वहीं, मैदानी इलाकों में दिन के समय गर्मी परेशान करेगी।

मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने कहा, पहाड़ों में सुबह-शाम के तापमान में अंतर देखने को मिल रहा है। हालांकि दिन भर चटक धूप खिलने से ठंड का अहसास कम हो रहा है।

## 'ठाणे के लोग उन्हें दिखाएंगे कि असली बॉस कौन है', उद्धव-राज ठाकरे के साथ आने पर बोले एकनाथ शिंदे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार राज्य के बाढ़ प्रभावित किसानों की मदद लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी दीपावली अंधेरे में नहीं रहेगी। आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के गठबंधन की अटकलों पर शिंदे ने कहा कि जो अपने सिद्धांतों के साथ खड़े नहीं होंगे, उन्हें लोग नकार देंगे।



उन्होंने कहा, कुछ नेता कह रहे थे कि अगर दो ठाकरे (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) एक साथ आ गए तो धमाका होगा। पर ठाणे के लोग उन्हें दिखा देंगे कि बॉस कौन है। जो अपने सिद्धांतों के साथ नहीं हैं, उन्हें लोग नकार देंगे। शिंदे ने उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, जिन्होंने शिवसेना को बेच दिया, उन्हें लोगों से 'टिकली' (छोटे पटाखे) मिलेगी, पर हम अपनी एकता और ताकत से विरोधियों को खत्म कर देंगे।

शनिवार देर रात ठाणे में अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा, दिवाली शुरू हो गई है और हम खुशी के साथ मना रहे हैं। पर जश्न के बीच मराठवाड़ा में बाढ़ की वजह से दुख है और किसानों की आंखें नम हैं। उन्होंने मराठवाड़ा में बाढ़ पर अपनी पार्टी की तत्काल प्रतिक्रिया का जिक्र किया और बताया कि शिवसेना कार्यकताओं को विशेष रूप से राहत कार्य को प्राथमिकता देने का आदेश दिया गया था।

## ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं, बस अड्डों पर भी बढ़ी भीड़

**बरेली।** दिवाली पर घर जाने वालों को मुश्किल भरा सफर करना पड़ा। बरेली जंक्शन पर ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी रही तो रोडवेज की बसों में भी भारी भीड़ रही। वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण भी यात्रियों को परेशान होना पड़ा। त्योहार मनाने के लिए घर लौट रहे कामगारों की भीड़ के चलते रविवार को ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी का आलम दिखा। बरेली जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ रही। शहर के दोनों बस अड्डों पर भी भीड़ के चलते अव्यवस्थाएं रहीं। बस अड्डों पर जहां यात्रियों को गंतव्य की बस के लिए परेशान होना पड़ा, वहीं ट्रेनों की लेटलतीफी ने घर वापसी के इंतजार को लंबा कर दिया।

### सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र विपिन कुमार कर्दम व पुत्रवधू श्रीमती वर्षा को उनके द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन व कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**प्रार्थीगण**
महेंद्र सिंह पुत्र श्री खेमचंद व
श्रीमती राजेंद्री देवी पत्नी श्री महेंद्र सिंह निवासीगण
मकान नंबर-1529, भूडगढ़ी, डासना मसूरी
आर.एस.गाजियाबाद

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
दैनिक करंट क्राइम
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




# दीपावली में पुलाव ख्याली, इनकी ऐसी बनी दिवाली

## गर्ग साहब का बॉर्डर




## हैवीवेट आतिशबाजी




## विभु बंसल ने दिया टाईम बम गिफ्ट




## क्रान्तिकारी विधायक की क्रान्तिकारी आतिशबाजी





## गुरू जी का धमाका ...




## प्रतिनिधियों की दीपावली




## हाथ में बम ...




## चिंगारी कौन लगाएगा ...




## प्रशांत चौधरी का आतिशबाजी ट्रक





## हाउस टैक्स से जंग




## मुराद पूरी करने वाले विधायक




## बिना बम्ब की दीपावली




यह कार्टून कॉलम केवल परिकल्पना पर आधारित है। किसी घटना या व्यक्ति से इसका कोई समाचार संयोजन नहीं हैं। यह केवल परिकल्पना के आधार पर मनोरंजन के लिए दिया गया है।

## संपादकीय

# दीपों का पर्व

भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में दीपावली का विशेष स्थान है। यह पर्व न केवल दीप जलाने का त्यौहार है, बल्कि यह हमारे जीवन में अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान और निराशा से आशा की ओर बढ़ने का संदेश देता है। ह्यदीपावलीह्न शब्द का अर्थ ही है—दीपों की पंक्ति। जब चारों ओर दीपक जगमगाते हैं तो मानो सारा वातावरण पवित्रता, उल्लास और ऊर्जा से भर जाता है। दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक मनाया जाता है—धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज। प्रत्येक दिन का अपना सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। दीपावली के दिन भगवान श्रीराम चौदह वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या नगरी को दीपों से सजाया गया था। यही परंपरा आज तक हमारे समाज में जीवित है। यह पर्व यह सिखाता है कि जब धर्म, सत्य और सदाचार की विजय होती है, तब सारा संसार प्रकाश से भर जाता है।

दीपावली का एक और महत्वपूर्ण पहलू है—सामाजिक और आर्थिक एकता। यह वह समय होता है जब लोग अपने घरों की सफाई करते हैं, उन्हें सजाते हैं, एक–दूसरे को मिठाइयाँ बाँटते हैं और आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ाते हैं। बाजारों में रौनक लौट आती है, व्यापारी अपने खातों की पूजा करते हैं और नए सिरे से व्यापार शुरू करते हैं। यह त्यौहार छोटे–बड़े, अमीर–गरीब सभी के जीवन में समान रूप से उत्साह भर देता है। हालाँकि समय के साथ दीपावली के स्वरूप में परिवर्तन आया है। आज इस पर्व का अर्थ केवल आतिशबाजी, महंगे सजावटी सामान और उपहारों तक सीमित नहीं रह जाना चाहिए। हमें याद रखना होगा कि दीपावली का मूल उद्देश्य मन के अंधकार को दूर करना है। प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से बचना और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सच्ची दीपावली तब होगी जब हम किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान ला सकें, जब हम अपने आसपास स्वच्छता और सद्भाव का दीप जला सकें।

दीपावली आत्मनिरीक्षण का भी पर्व है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर झाँकें और अपने जीवन से बुराइयों, क्रोध, लोभ, और ईर्ष्या के अंधकार को दूर करें। यदि हर व्यक्ति अपने भीतर एक दीपक जलाए—सद्भावना, करुणा और ईमानदारी का—तो समाज स्वत: प्रकाशमान हो उठेगा।

अंतत:, दीपावली केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। यह हमें सिखाती है कि चाहे अंधकार कितना भी गहरा क्यों न हो, एक छोटा सा दीपक भी उसे मिटाने की क्षमता रखता है। आइए इस दीपोत्सव पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने जीवन में प्रकाश, प्रेम और सत्य के मार्ग को अपनाएँ और समाज में सकारात्मकता का दीप जलाएँ। यही होगी सच्ची दीपावली, यही होगा वास्तविक उत्सव।

# एमएसएमई को सात साल में मिले 2.65 लाख करोड़ के लोन

**एमएसएमई।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (टरटए) के लिए लोन की जरूरत होने पर उद्यमियों ने बीते सात साल के दौरान पीएसबी लोन्स इन 59मिनट्स प्लेटफॉर्म का जमकर इस्तेमाल किया है। इस प्लेटफॉर्म की तरफ से जारी बयान के मुताबिक एमएसएमई के लिए 7 वर्षों में 2.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक राशि के लोन को मंजूरी दी गई। यह प्लेटफॉर्म आमतौर पर 10 लाख रुपये से लेकर 5 करोड़ रुपये तक की राशि के लिए एक घंटे के भीतर ऋण स्वीकृति की सुविधा प्रदान करता है। 2018 में स्थापना के बाद से अब तक अब तक लगभग 30 लाख ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। एमएसएमई को कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ जोड़ने वाला यह प्लेटफॉर्म जीएसटी रिटर्न, आयकर फाइलिंग, बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट ब्यूरो रिपोर्ट जैसी जानकारी एकीकृत करता है। इससे लोन की



प्रक्रिया कुछ ही घंटे में पूरी हो जाती है। प्लेटफॉर्म से मिली स्वीकृति से इतर बैंक वित्तीय मानकों के आधार पर दस्तावेजों की गहन पड़ताल करते हैं।

सॉफ्टबैंक समर्थित ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने आईपीओ के माध्यम से 4250 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए मीशो ने भारतीय शेयर बाजार नियामक- सेबी के पास ड्राफ्ट दस्तावेज दाखिल किए हैं। प्रस्तावित सार्वजनिक निर्गम में 4,250 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी करने की योजना है। मौजूदा निवेशक 1.75 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री भी करेंगे। ऑफर फॉर सेल में कंपनी के शुरूआती निवेशक- एलेवेशन कैपिटल, पीक १, वेंचर हाईवे और वाई कॉम्बिनेटर भी हिस्सेदारी बेचेंगे। बयान के मुताबिक कंपनी का कुल आईपीओ आकार और मूल्यांकन बाद में जारी होने वाले शेयर प्राइस बैंड पर निर्भर करेगा।

# अब तोहफे में भी दे सकते हैं फास्टैग सालाना पास

### अब तोहफे में भी दे सकते हैं फास्टैग सालाना पास

फास्टैग का सालाना पास अब राजमार्गयात्रा एप के जरिये किसी को भी तोहफे में दिया जा सकता है। एप पर पास जोड़ें विकल्प पर क्लिक करके उपयोगकर्ता उस व्यक्ति का वाहन नंबर और संपर्क विवरण जोड़ सकते हैं जिसे वे फास्टैग सालाना पास तोहफे में देना चाहते हैं। ओटीपी सत्यापन के बाद उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर सालाना पास सक्रिय हो जाएगा। यह पास एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की जरूरत को खत्म करता है।

## ऑनलाइन खरीददारी में छोटे शहरों ने महानगरों को पछाड़ा, फैशन और कॉस्मेटिक उत्पादों की बढ़ी मांग



**नई दिल्ली।** भारत के गैर-मेट्रो शहरों ने इस साल दिवाली पर ऑनलाइन खरीदारी में महानगरों को पीछे छोड़ दिया। कुल ई-कॉमर्स ऑर्डर में से लगभग 75% ऑर्डर छोटे शहरों से आए, जिनमें अकेले टियर-3 शहरों से 50% से ज्यादा योगदान रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, कैश ऑन डिलीवरी अभी भी इन शहरों की पहली पसंद है।

दिवाली पर इस साल गैर-मेट्रो शहरों ने सबसे अधिक ऑनलाइन खरीददारी की। यह कुल ई-कॉमर्स कारोबार का लगभगत तीन-चौथारी हिस्सा रहा। अकेले टियर-3 शहरों का योगदान पचास फीसदी से अधिक रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

लॉजिस्टिक्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म 'क्लिकपोस्ट' ने 4.25 करोड़ शिपमेंट के डाटा का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में बताया गया कि त्योहारों के इस सीजन में ई-कॉमर्स में सबसे तेज और सबसे अधिक योगदान गैर-मेट्रो शहरों का रहा।

रिपोर्ट में कहा गया, भारत के गैर-मेट्रो शहरों की रफ्तार हैरान करने वाली है। अकेले टियर-3 शहरों से 50.7 फीसदी ऑर्डर आए। टियर-2 शहरों से 24.8 फीसदी ऑर्डर मिले। यानी भारत के छोटे शहरों से कुल मिलाकर 74.7 फीसदी ऑर्डर आए। यह दिखाता है कि यही क्षेत्र अब ऑनलाइन खरीददारी की असली ताकत हैं।

दुर्गा पूजा के दौरान फैशन की मांग 14.3 फीसदी तक बढ़ी। करवा चौथ के मौके पर तो कॉस्मेटिक उत्पादों की खरीदारी फैशन को भी पीछे छोड़ गई। इतनी बड़ी संख्या में ऑर्डर आने के बावजूद देश की लॉजिस्टिक्स कंपनियों ने औसतन 2.83 दिन में डिलीवरी की। साथ ही, उसी दिन डिलीवरी का 4.2 फीसदी से बढ़कर 8.7 फीसदी हो गई।

टियर-3 शहरों में अब भी नकद पर डिलीवरी (कैश ऑन डिलीवरी) सबसे पसंदीदा तरीका बना हुआ है। यहां 52 फीसदी ऑर्डर नकद पर डिलीवरी से किए गए। हालांकि, देशभर में महंगे उत्पादों की खरीद में डिजिटल भुगतान का ज्यादा इस्तेमाल हुआ। ऑर्डर का औसत मूल्य भी 32.5 फीसदी बढ़ा है। 2024 में जहां औसत ऑर्डर 3,281 रुपये का था, वहीं 2025 में यह 4,346 रुपये हो गया।

क्लिकपोस्ट के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नमन विजय ने कहा, भारत खुदरा कारोबार के नए दौर में प्रवेश कर रहा है।

## बढ़ रही है सोने की डिजिटल बिक्री, आभूषणों के परंपरागत बाजार में बदलाव

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा कि अब लोग रोजमर्रा के पहनने योग्य हल्के गहनों की खरीदारी के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग अधिक कर रहे हैं।

देश में आभूषणों की खरीदारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले लोग आभूषण खरीदने के लिए अपने भरोसेमंद स्थानीय सुनार के पास जाते थे, लेकिन अब यह काम ऑनलाइन एक क्लिक पर हो रहा है। भारत में सोने और हीरे से लोगों का पुराना जुड़ाव है। अब इस क्षेत्र में डिजिटल बाजार की पैठ तेजी से बढ़ रही है। ऑनलाइन मंच पर हॉलमार्क प्रमाणन, ब्रांड की गारंटी और बेहतर सर्विस के कारण लोग ऑनलाइन गहने खरीदने में भरोसा दिखा रहे हैं। फिक्की-



डेलॉयट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 73 प्रतिशत लोग अब किसी भी चीज की जानकारी सबसे पहले ऑनलाइन ही लेते हैं यहां तक की आभूषण के लिए भी। हालांकि 53 प्रतिशत ग्राहक अब भी आखिरी खरीदारी ऑफलाइन स्टोर से करते हैं, लेकिन यह रुझान तेजी से बदल रहा है। देश में आभूषणों का बाजार वर्ष 2025 तक 91 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है और वर्ष 2030 तक यह 146 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि में इंटरनेट के माध्यम से होने वाली बिक्री की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी।

अमेजन इंडिया के फैशन और सौंदर्य विभाग के निदेशक सिद्धार्थ भगत के अनुसार अमेजन पर कीमती गहनों की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें सोने, हीरे और प्रयोगशाला में बनाए गए हीरों के गहने भी शामिल हैं। भगत ने पीटीआई-, ह्यह्यपिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि ग्राहक अब अमेजन फैशन पर गहने चुनने और खरीदने के तरीके में बदलाव ला रहे हैं। पहले लोग अचानक या खास मौकों पर खरीदारी करते थे, लेकिन अब वे ज्यादा जानकारी लेकर, विश्वास के साथ निर्णय ले रहे हैं। धनतेरस से पहले कीमती गहनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 96 प्रतिशत बढ़ी है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा कि अब लोग रोजमर्रा के पहनने योग्य हल्के गहनों की खरीदारी के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग अधिक कर रहे हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग, जो तकनीक का अच्छा उपयोग करता है, उसे यह सुविधा अधिक पसंद आ रही है।

## आईसीआईसीआई बैंक का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3.2 प्रतिशत बढ़कर 13,357 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर कर पश्चात लाभ 5.2 प्रतिशत बढ़कर 12,359 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,746 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का वित्त वर्ष 2025-26की जुलाई- सितंबर तिमाही में एकीकृत लाभ 3.2 प्रतिशत बढ़कर 13,357 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में



12,948 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

बैंक का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर कर पश्चात लाभ 5.2 प्रतिशत बढ़कर 12,359 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,746 करोड़ रुपये था। अग्रिमों में 10.6 प्रतिशत की वृद्धि के कारण बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 7.4 प्रतिशत बढ़कर 21,529 करोड़ रुपये हो गई। बैंक का शुद्ध ब्याज मुनाफा एक साल पहले की समान तिमाही के 4.36 प्रतिशत से घटकर 4.30 प्रतिशत रह गया। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात सुधरकर 1.58 प्रतिशत हो गया, जो इस वित्त वर्ष जून के अंत में 1.67 प्रतिशत था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग कि ठोकर एक मानव को मार सकती है।
- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकते हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफि न एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।

## राशिफल

**मेष:** अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझेदारी में व्यापार करना आपको हानिकारक लगेगा।

**वृष:** सेवा कार्य से जुड़े वर्ग के लिए अच्छा दिन है। किसी पुराने दोस्त से मिलते हैं, तो पुरानी शिकायतों को भूलकर नई शुरूआत करने का समय आ गया है।

**मिथुन:** मन की शांति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहें। कोई मित्र आ सकता है। यात्रा योग।

**कर्क:** कार्य में सफलता के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। मानसिक और शारीरिक स्थिति सामान्य रहने वाली है। काम को लेकर मन में नए विचार आएंगे।

**सिंह:** अनुशासन के नियमों का पालन करेंगे। कार्य व्यवसाय में वृद्धि होगी। समझदारी से काम लेंगे। प्रबंधन पर ध्यान देंगे। व्यापारिक संबंधों को महत्व देंगे।

**कन्या:** व्यापार में लाभ की उम्मीद है। नौकरीपेशा जातकों और छात्रों के लिए दिन अच्छा रह सकता है। मन बेचैन रहेगा। धैर्य रखने की कोशिश करें।

**तुला:** आत्मविश्वास बढ़ेगा लेकिन भावनाओं पर नियंत्रण रखें। आज कुछ मानसिक तनाव हो सकता है। संतान के करियर को लेकर आप चिंतित हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** सामान्य तौर पर दिन कल से बेहतर रहेगा, इसे महत्वपूर्ण दिन नहीं कहा जा सकता। रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को कोई सूचना सुनने को मिलेगी।

**धनु:** नौकरी में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आपके लिए शुभ है और सांसारिक सुख भोगने के साधनों में खर्च की अधिकता रहेगी।

**मकर:** सामान्य तौर पर दिन कल से बेहतर रहेगा, आज मन में सकारात्मक विचारों का प्रभाव रहेगा। नियोजित कार्य समय पर पूरे होंगे।

**कुंभ:** धैर्य रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सा खर्च बढ़ सकता है। मन में निराशा और असंतोष रहेगा। पारिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी।

**मीन:** आपके मन के अनुसार कार्य में प्रगति होगी। नौकरों या कनिष्ठ वर्ग और दोस्तों से पूरा सहयोग मिलेगा। विरोधियों की जीत होगी। निर्णय आपके पक्ष में आएंगे।

## चुटकुले

ट्रेन में लिखा था, 'बिना टिकट यात्रा करने
वाले यात्री होशियार।
उसी ट्रेन में चिंटू भी जा रहा था।
उसने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह, जो टिकट न
खरीदें वो होशियार
हमने जो खरीद के रखी है तो हम बेवकूफ हैं क्या?

---

एक बार 5 डॉक्टरों ने मिलकर
एक घोड़े का ऑपरेशन किया।
ऑपरेशन करने के बाद बड़े डॉक्टर
ने कंपाउंडर से कहा – देखो कोई
औजार तो नहीं छूट गया पेट में।
कंपाउंडर बोला – औजार तो सब हैं,
लेकिन डॉक्टर गुप्ता
नहीं दिखाई दे रहे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## ऑस्ट्रेलिया में खेलने से किस तरह मिली

# विराट कोहली को मदद



**बताया कैसे आक्रामकता सम्मान में बदली**

**पर्थ।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का कहना है कि उनके करियर में ऑस्ट्रेलिया दौरे का काफी महत्व रहा है। कोहली इस बात को स्वीकार करने से भी नहीं हिचकिचाए कि ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट को लेकर आक्रामक माहौल ने उनकी क्षमता की परीक्षा ली। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है।

**वापसी पर नहीं चमके कोहली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में पहला वनडे खेला जा रहा है। कोहली हालांकि, इस मैच में कुछ खास नहीं कर सके और खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए।

मैच शुरू होने से पहले कोहली ने एडम गिलक्रिस्ट और रवि शास्त्री के साथ बातचीत की और ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। कोहली ने पहली बार 2011 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों से आक्रामक स्वागत का सामना करना पड़ा था, लेकिन उनका मानना है कि यह आक्रामकता धीरे-धीरे सम्मान में बदल गई।

कोहली ने कहा, बचपन में जब हम सुबह जल्दी उठकर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट देखते थे तो मैं खुद को उनके सामने रखकर सोचता था कि अगर मैं इन परिस्थितियों में और इस विरोधी टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाया तो एक क्रिकेटर के तौर पर मुझे इस पर गर्व होगा। दोनों टीमों के महान खिलाड़ियों को खेलते देखना मेरे लिए प्रेरणास्रोत रहा। सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, यहां तक कि वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ी, जिनसे मैं सचमुच प्रभावित रहा हूं।

उन्होंने कहा, यहां तक कि ऑस्ट्रेलियाई टीम, उन्होंने जिस तरह से क्रिकेट खेली और जिस तरह से वह आपका सामना करते हैं और खेल पर नियंत्रण बना रहे थे, यही कुछ ऐसा था जिसने मुझे यहां आने और ऐसा ही करने के लिए प्रेरित किया। शुरूआत में मुझे लगा कि उस आक्रामक माहौल का हिस्सा बनने की तुलना में टेलीविजन पर देखना आसान था, लेकिन मैं उन सभी पलों के लिए वास्तव में आभारी हूं क्योंकि इससे मुझे एक क्रिकेटर और एक इंसान के रूप में बेहतर बनने में मदद मिली। इस तरह का माहौल वास्तव में आपकी मानसिक मजबूती और लचीलेपन की परीक्षा लेता है क्योंकि एक बार जब आप ऐसे कड़े माहौल में खेलना शुरू कर देते हैं तो आप अपने प्रतिद्वंदी और दर्शकों का सामना करने से नहीं बच सकते।

**ऑस्ट्रेलिया में खेलने का लिया आनंद**

टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा कि उन्होंने हमेशा ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने का पूरा आनंद लिया। उन्होंने कहा, वापस ऑस्ट्रेलिया आकर वास्तव में अच्छा लगता है। यह ऐसी जगह है जहां मैंने अपनी क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। मेरी यहां से कई अच्छी यादें जुड़ी हैं।



## छोटी दिवाली पर श्रेयस अय्यर ने दिया प्रशंसकों को तोहफा

### अदा शर्मा के साथ बिखेरा जलवा



**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर प्रशंसकों को एक खास तोहफा दिया। वह फिल्म अभिनेत्री अदा शर्मा के साथ एक नए म्यूजिक वीडियो में नजर आए हैं, जिसे आज ही लॉन्च किया गया है। इस गाने पर फैंस जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा हो रही है।

**श्रेयस और अदा की केमिस्ट्री ने जीता फैंस का दिल**

श्रेयस अय्यर का यह म्यूजिक वीडियो एक लोकप्रिय मोबाइल गेमिंग प्लेटफॉर्म की दिवाली थीम कैंपेन का हिस्सा है। गाने का नाम 'बुलट आशिकाना' है, जिसमें श्रेयस और अदा की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। डांस मूव्स, त्योहारों का रंग और जोश से भरपूर ये गाना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस श्रेयस अय्यर के इस नए अवतार को देखकर हैरान हैं, क्योंकि आमतौर पर मैदान पर उनके ठंडे दिमाग और सधे खेल की चर्चा होती है, लेकिन इस बार उन्होंने अपने डांस और एक्टिंग स्किल्स से सबका ध्यान खींच लिया है। वहीं, अदा शर्मा ने अपनी एनर्जी और एक्सप्रेशन से गाने को और भी आकर्षक बना दिया है।



## तन्वी शर्मा जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचीं, चीनी खिलाड़ी को हराया

**गुवाहाटी।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी शर्मा ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। तन्वी ने चीन की लियू सी या के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 16 साल की तन्वी ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पर 15-11, 15-9 से जीत दर्ज की। वह इस तरह इस टूनार्मेंट के फाइनल में क्वालिफाई करने वाली पूर्व विश्व नंबर एक साइना नेहवाल और अपर्णा पोपट के बाद केवल तीसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बन गईं।

**फाइनल में पिचिटप्रीचसाक से होगा सामना**

फाइनल में तन्वी का मुकाबला अब थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त अन्यापत पिचिटप्रीचसाक से होगा। पिचिटप्रीचसाक ने दूसरे सेमीफाइनल में हमवतन यातावीमिन केतक्लियेंग को एक गेम से पिछड़ने के बाद 10-15, 15-11, 15-5 से हराकर वापसी की। तन्वी ने 17 साल में पहली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने ली के खिलाफ शुरूआत से ही अपने शानदार खेल का लोहा मनवाया। उन्होंने कोर्ट के अगले हिस्से शानदार इस्तेमाल करते हुए चीन की खिलाड़ी पर दबाव बना दिया।

भारतीय खिलाड़ी ने शुरूआती गेम में 7-3 की बढ़त बना ली और हालांकि लियू एक समय पर अंतर को 8-7 तक कम करने में कामयाब रहीं, लेकिन तन्वी पर इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। तन्वी ने पहला गेम केवल 13 मिनट में समाप्त कर दिया। उन्होंने दूसरे सेट में तेजी से 12-4 की बढ़त ली लेकिन चीन की खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाते हुए वापसी की कोशिश की। तन्वी ने हालांकि उनकी कोशिश को नाकाम करते हुए प्रभावशाली जीत दर्ज की। इससे पहले पुरुषों के एकल में इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबैदुल्लाह ने चीन के ली ची हैंग को 14-16, 16-14, 15-12 से हराया।

## इस साल पहली बार भारत को वनडे में मिली हार

### लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूटा; मिचेल मार्श चमके

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत को वर्षा से बाधित पहले वनडे मुकाबले में सात विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। बारिश के कारण चार बार मैच को रोकना पड़ा जिस कारण इसे 26-26 ओवर कराने का फैसला किया गया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 26 ओवर में नौ विकेट पर 136 रन बनाए, लेकिन डकवर्थ लुइस नियम के तहत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 131 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान मिचेल मार्श की शानदार पारी के दम पर 21.1 ओवर में तीन विकेट पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया।



ऑस्ट्रेलिया की जीत के साथ ही भारत का वनडे में लगातार आठ मैच जीतने का सिलसिला टूट गया। इस साल यह पहली बार है जब भारत को वनडे में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम पहली बार शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरी थी, लेकिन गिल को वनडे कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में हार मिली। ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में बल्ले के अलावा गेंद से भी दम दिखाया और मैच अपने नाम करने में सफल रही।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी**

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्श ने अच्छी बल्लेबाजी की और वह अंत तक टिके रहे। मार्श हालांकि, अर्धशतक पूरा नहीं कर सके और 52 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका ट्रेविस हेड के रूप में लगा जो आठ रन बनाकर अर्शदीप सिंह का शिकार बने। इसके बाद अक्षर पटेल ने मैथ्यू शॉर्ट को पवेलियन भेजा। शॉर्ट भी आठ रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, मार्श ने फिलिप के साथ साझेदारी जमाई और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया 100 रन पूरे कर पाती उससे पहले ही वाशिंगटन सुंदर ने फिलिप को आउट कर दिया। जोश फिलिप ने 37 रन बनाए। फिर मार्श और मैट रेनशॉ ने कंगारूओं को जीत दिलाई। रेनशॉ 21 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर को एक-एक विकेट मिला।

**नीतीश रेड्डी ने किया डेब्यू**

भारत के लिए इस मैच में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने वनडे डेब्यू किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने भी दो नए चेहरों को मौका दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैट रेनशॉ और मिचेल ओवन ने डेब्यू किया। भारतीय टीम पर्थ में खेले गए पहले मैच में तीन तेज गेंदबाज और इतने ही ऑलराउंडरों के साथ उतरने का फैसला लिया था और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया।

**रोहित का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच**

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में उतरने के साथ ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। दरअसल, रोहित का यह 500वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था और वह इतने मैच खेलने वाले भारत के पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। रोहित से पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी और राहुल द्रविड़ ने ही 500 या इससे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं।

**वापसी पर चमक नहीं बिखेर सके रोहित-कोहली**

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन भारत की बल्लेबाजी खराब रही और उसने पावरप्ले में ही रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल के विकेट गंवाए। रोहित और कोहली चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से पहली बार भारत के लिए खेलने उतरे। रोहित और कोहली 223 दिनों बाद भारत के लिए खेलने उतरे थे, लेकिन दोनों ही बल्लेबाज प्रभावित नहीं कर सके।

## 223 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में की वापसी

# आधे घंटे भी क्रीज पर नहीं टिक सके रोहित-कोहली

**पर्थ।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 223 दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, लेकिन दोनों ही आधे घंटे भी क्रीज पर नहीं टिक सके। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में खेले जा रहे पहले वनडे मैच में भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और रोहित-कोहली भी अपना प्रभाव नहीं छोड़ सके। ये दोनों खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद से पहली बार भारत के लिए खेलने उतरे, लेकिन इनकी वापसी यादगार नहीं रही।



### खाता भी नहीं खोल सके कोहली

भारत को रोहित शर्मा के रूप में पहला झटका लगा है। रोहित 223 दिन बाद भारत के लिए खेलने उतरे, लेकिन सिर्फ 16 मिनट ही क्रीज पर टिक सके। रोहित जोश हेजलवुड की गेंद पर स्लिप में कैच थमा बैठे। रोहित अपना 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं, लेकिन वह इसे यादगार नहीं बना सके और 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी पवेलियन लौट गए। कोहली खाता भी नहीं खोल सके और मिचेल स्टार्क की गेंद पर कोनोली को कैच थमा बैठे। रोहित और कोहली की वापसी से प्रशंसक काफी उत्साहित थे, लेकिन बल्ले से ये दोनों ही खिलाड़ी पहले मैच में फेल रहे। मैच भारतीय समायानुसार सुबह नौ बजे शुरु हुआ था और भारत ने रोहित-कोहली का विकेट साढ़े नौ बजने से पहले ही गंवा दिया था। यानी ये दोनों दिग्गज खिलाड़ी वापसी पर आधे घंटे भी क्रीज पर नहीं बिता सके।

**भारत ने वनडे में गंवाया लगातार 16वां टॉस**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने भारत के खिलाफ पहले वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारत के लिए इस मैच में ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी वनडे डेब्यू कर रहे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने भी दो नए चेहरों को मौका दिया है। भारतीय टीम पर्थ में खेले जा रहे पहले मैच में तीन तेज गेंदबाज और इतने ही ऑलराउंडरों के साथ खेलने उतरी है। भारतीय टीम वनडे में लगातार 16वां टॉस हारी है। भारत ने आखिरी बार इस प्रारूप में टॉस वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता था।

**भारत की खराब शुरूआत**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे मैच में बारिश ने खलल डाला जिस कारण मुकाबले को रोकना पड़ा। ओवरकास्ट कंडिशंस के बीच भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही है और उसने 8.5 ओवर में तीन विकेट पर 25 रन बनाए। हालांकि, कुछ समय बाद मैच दोबारा शुरू हुआ, लेकिन एक ओवर की कटौती की गई और मैच 49 ओवर का कराने का फैसला किया गया। भारत ने रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया। रोहित और कोहली ने सात महीने बाद भारतीय जर्सी में वापसी की है, लेकिन वह इसे यादगार नहीं बना सके।

## लियोनल मेसी ने एमएलएस में करियर की दूसरी हैट्रिक लगाई

**इंटर मियामी की जीत में बिखेरी चमके**

**नैशविले।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी ने मेजर सॉकर लीग (एमएलएस) में अपना दम दिखाया और अपने करियर की दूसरी हैट्रिक बनाई। मेसी के शानदार प्रदर्शन की मदद से ही इंटर मियामी ने नैशविले एससी पर 5-2 से जीत हासिल की। मेसी एमएलएस के वर्तमान सत्र में अभी तक 29 गोल कर चुके हैं और वह इस टूनार्मेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। पिछली बार उन्होंने इंटर मियामी की न्यू इंग्लैंड रेवोल्यूशन पर 6-2 की जीत में हैट्रिक बनाई थी।




मेसी ने 35वें मिनट में गोल किया और इंटर मियामी को बढ़त दिलाई। हालांकि, वैशविले के लिए सैम ने 43वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, मेसी ने दमदार प्रदर्शन कर इंटर मियामी की जीत सुनिश्चित की। इंटर मियामी के डिफेंडर इयान फ्रे ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है कि मेसी हर मैच में हमारी जीत में अहम भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रशंसा करने के लिए मेरे पास पर्याप्त शब्द नहीं हैं।

## अब आईसीसी पर भड़का पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ संवेदना जताने पर की आलोचना; बयान को बताया पक्षपातपूर्ण

**लाहौर।** पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान को नहीं पचा पा रहा है और उसने अफगानिस्तान के प्रति संवेदना जताने पर क्रिकेट की वैश्विक संस्था की आलोचना की है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अता तरार ने अफगानिस्तान में तीन क्रिकेटरों की मौत के मामले में आईसीसी के बयान को पक्षपातपूर्ण करार देते हुए खारिज कर दिया है।

**पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगानिस्तान के तीन क्रिकेटर की हुई थी मौत**

आईसीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगानिस्तान के क्रिकेटरों की मौत पर शोक व्यक्त किया था, लेकिन अपने-अपने बयानों में पाकिस्तान का उल्लेख नहीं किया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) द्वारा अगले महीने पाकिस्तान में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज से हटने का फैसला करने के बाद इन क्रिकेट संस्थाओं ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। अफगानिस्तान के इस सीरीज से हटने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बताया था कि अब त्रिकोणीय सीरीज में जिम्बाब्वे तीसरी टीम होगी जिसमें श्रीलंका भी शामिल है।



तरार ने कहा, 'हम आईसीसी के उस बयान को खारिज करते हुए उसकी निंदा करते हैं, जिसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तानी हमलों में तीन अफगान क्रिकेटर मारे गए। आईसीसी ने अफगानिस्तान बोर्ड के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करने की जहमत नहीं उठाई और एक बयान जारी कर पाकिस्तान को हमले का दोषी करार दिया।' मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान स्वयं वर्षों से आतंकवाद का शिकार रहा है और उन्होंने आईसीसी से अपने बयान में सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, यह अजीब है कि आईसीसी के बयान के कुछ घंटों बाद आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर वही शब्द दोहराए और अफगानिस्तान बोर्ड ने भी इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान बोर्ड ने कोई वास्तविक सबूत पेश किए बिना बयान दिया।




### तरार ने भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने का किया जिक्र

तरार ने कहा कि एशिया कप में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने सहित हाल की घटनाओं को पाकिस्तान क्रिकेट के प्रति पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, यह आईसीसी की स्वतंत्रता और निष्पक्ष दृष्टिकोण पर गंभीर प्रश्न उठाता है। एक अंतरराष्ट्रीय खेल नियामक संस्था को ऐसे विवादास्पद दावे को बढ़ावा नहीं देना चाहिए जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। आईसीसी को स्वतंत्र रहकर अपना काम करना चाहिए और दूसरों के उकसावे पर विवादास्पद बयान देने से बचना चाहिए।

# साहिबाबाद थाने का पुलिस कमिश्नर ने किया भव्य उद्घाटन

## कमिश्नरेट के सभी गजेटेड अधिकारी रहे मौजूद








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सीपी जे रविंदर गौड ने रविवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवीनीकृत थाना साहिबाबाद का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी गजेटेड अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

नवीन रूप से विकसित थाना परिसर में जनसुनवाई कक्ष, मिशन शक्ति कक्ष, विवेचक कक्ष, निरीक्षक कक्ष, जेडी कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, साइबर कक्ष, सीसीटीवी कक्ष के साथ ही भोजनालय जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। पुलिस आयुक्त ने इन कक्षों का फीता काटकर उद्घाटन किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनता हितैषी बनाने की दिशा में निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। थाना स्तर पर बुनियादी ढांचे के उन्नयन से पुलिस कर्मियों के कार्य वातावरण में सुधार होगा और जनता को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगी बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और संवाद का सेतु भी मजबूत करेगी। इस मौके पर एडिशनल सीपी केशव चौधरी ,आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल, डीसीपी देहात सुरेंद्र तिवारी, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह सहित पुलिस कमिश्नरेट के सभी एसीपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

थाने के नवीनीकरण को लेकर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अब साहिबाबाद थाना एक मॉडल थाना के रूप में कार्य करेगा, जहां आधुनिक तकनीक और नागरिक सुविधाओं का बेहतर समावेश किया गया है।




## खास इलाके में दी पुलिस के अधिकारियों ने दस्तक

पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले खास इलाके में खुद पुलिस कमिश्नर से लेकर नंबर दो और उनके नीचे वाले अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा और पुलिस की मौजूदगी का एहसास कराया है। तो जिस तरीके से कभी इस इलाके से कुछ अधिकारियों ने दूरी बना रखी थी, उनको भी सीख देने की कोशिश की गई है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में धनतेरस पर कोई बड़ी दुर्घटना और वारदात नहीं हुई, तो वही पुलिस के अधिकारियों ने जिस तरीके से खुद सड़क पर उतरकर संदेश दिया है, उसका मैसेज कहीं ना कहीं लखनऊ तक भी पहुंचाया गया है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि छठ पूजा के बाद फिर कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लिस्ट की आहट होगी। तो फिर लखनऊ से टविस्ट् से कुछ बदलाव और नए फेस नजर आ सकते हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि अभी तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महत्वपूर्ण माने जाने वाले प्रोटोकॉल की सीट पर अतिरिक्त चार्ज के तौर पर जिम्मेदारी क्राइम वाले साहब ही संभाल रहे हैं। उनके ऊपर साइन और व्यवस्थाओं को फाइन करने का बोझ लगातार बढ़ रहा है। क्राइम को लेकर जहां वह पूरी तरीके से एक्शन वाले मोड में कंट्रोलिंग पावर के साथ नजर आ रहे हैं। तो सूत्र बता रहे हैं कि आगामी 26 को होने वाले बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर उनको ही तमाम तरीके की व्यवस्थाओं, तैयारियों और सुरक्षा स्तर का प्रारूप तैयार करना है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि दीपावली की रौनक जैसे ही कम होगी, वैसे ही उस बेहद खास कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्थाओं पर काम होना शुरू हो जाएगा। उससे पहले छठ पूजा को लेकर भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों को पूरी प्रैक्टिस करनी है। वैसे तो नदिया पार वाले साहब की यह इलाके में दूसरी पूजा रहेगी, पर इस बार ध्यान ज्यादा दिए जाने की संभावना है क्योंकि प्रदेश वाले मुखिया भी आने की सूचना दे चुके हैं। अब देखना होगा कि हेलीकॉप्टर में उनके साथ उड़ान कौन भरता है और किस-किस इलाके में पुष्प वर्षा होती है । कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में त्योहारी सीजन के दौरान हुई बड़ा अपराध न होना भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की वर्किंग की प्रशंसा करवा रहा है।






- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जनप्रतिनिधि के पास कुछ चेहरे कार्यक्रम का प्रपोजल लेकर गये अपने साथ? उनसे कहा नदिया पार में हम आपका कार्यक्रम कराना चाहते हैं साहब? ये सुनकर आ गई जनप्रतिनिधि के चेहरे पर मुस्कुराहट? कहा मैं बिल्कुल आपके मंडल में आऊंगा? तब सामने वालों ने कहा आपके आने का रहेगा हमको इंतजार? तब जनप्रतिनिधि ने कहा वर्तमान वाले भगवा कमिश्नर का इंतजार मत करना? पूर्व वाले के साथ कर लेना पूरे के पूरे कार्यक्रम की भूमिका तैयार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पूर्व मैम्बर कश्यप जी को नहीं था इस बात का एहसास? वो जनप्रतिनिधि से लेकर आयेंगे कोई गिफ्ट खास? जनप्रतिनिधि ने उन्हें धागे का दिया अलंकार? कहा तुम सभी मोतियों को माला में पिरोकर रखते हो? तुम्हारा गजब का है किरदार? सेक्टर 23 से लेकर राजनगर, राजनगर से लेकर कविनगर? फिर विजय नगर में बनाया हुआ है तुमने मजबूत बेस? कसम से हमने यूं तो राजनीति में कई चेहरे देखे हैं? मगर तुम्हारे जैसा एक्टिव नहीं देखा हमने फेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दीपावली पर आ सकती है एक निगम से बड़े गिफ्ट की घोषणा? ये घोषणा लाएगी जनता के चेहरे पर मुस्कान? कहने वाले ने कहा 100 सुनार की और एक लुहार की, वाला काम होने जा रहा है श्रीमान? इस घोषणा से खत्म हो जायेगी सारी लड़ाई? कहने वाले ने कहा बात हमें लगभग कन्फर्म लग रही है? बाकी घोषणा करने वाले की मर्जी? क्योंकि सबकुछ उनके मूड पर टिका हुआ है भाई?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के पूर्व भगवा कमिश्नर शुक्ला जी ने लगता है कुछ बड़ी राजनीति करने की कर ली है तैयारी? खोल लिया है उन्होंने वर्तमान भगवा कमिश्नर के इलाके में अपना ऑफिस? दे दिया है उन्होंने संदेश भारी? वो इसी ऑफिस से अपनी पूर्व वाली टीम के साथ लगाएंगे गुणा-भाग? कहने वाले ने कहा अभी तो चिंगारी सुलगी है? देखना अभी तो भड़कनी है आग?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक पार्षद ने मंत्री जी के बधाई संदेश को कर दिया कुछ इस कदर भारी? उन तक तो सिर्फ लैटर बांटने के लिए आया था? उन्होंने लैटर के साथ मिठाई का डिब्बा लगाकर क्षेत्र की जनता को किया बधाई संदेश जारी? किसी ने पार्षद से टटोले जब इस बात को लेकर जज्बात? उन्होंने कहा मंत्री जी का लैटर हकीकत में स्वीट है? बिना स्वीट के उन्हें भेजना मैं नहीं चाहता था साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैवीवेट वालों के दिल में कितना है अपने प्रिय प्रेम की भावना रखने वाले त्यागी जी के प्रति प्यार? कुछ ऐसे ही शब्द बोलकर उन्होंने कर दिया अपनी भावनाओं का इजहार? कहा हमारा त्यागी जी के प्रति इतना है लगवा? वो हमारे लिए अपने आस-पास भी नहीं आने देते हैं कोई लुभाव? वो त्याग देंगे हमारी खातिर मंत्री वाली भी जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा राजनीति में संबंधों की हमने नहीं देखी ऐसी वफादारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** दीपावली पर हमने इस कदर सूना नहीं देखा था कार्यालय? शुभकामनाएं देने वालों के ना के बराबर ही पड़े कदम? कहने वाले ने कहा ऐसा हमने पहले तो नहीं देखा सनम? फिर कहने वाले ने कहा नई परम्परा है? इसी की दिख रही है ये देन? कहने वाले ने कहा अब इस वाले रन-वे पर नहीं उतरता है कोई भी प्लेन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैदी जी ने करा दिया अपनी दूसरी जिम्मेदारी का एहसास? वो बोले सांसद प्रतिनिधि के अलावा मेरे पास दूसरी भी जिम्मेदारी है साहब? मैं संभाल रहा हूं नेहरू युवा केन्द्र वाले अध्यक्ष का भी पद? कहने वाले ने कहा लौट पर सावन आया है? इसलिए मैदी जी का अंदाज दिख रहा है मस्त? अब हमारे दिमाग में ये सवाल उठ रहा है प्रत्यक्ष? उन्हें सांसद प्रतिनिधि कह कर बुलायें? या बोले उनको अध्यक्ष?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अध्यक्ष वाली जिम्मेदारी संभालने के बाद मैदी जी के दिख रहे हैं तेवर बड़े ही सख्त? हमने देखा जैसे ही उन्होंने ली नेहरू युवा केन्द्र में एन्ट्री? वैसे ही खराब हो गया किसी का वक्त? उन्होंने पेड़ काट रहे शख्स पर मार दिया छापा? सुना है उनके साथ पहुंचे भगवा मैम्बर शर्मा जी ने रिकार्ड कर लिया पूरा सीन? मामला हो चुका था बड़ा ही संगीन? कहने वाले ने कहा ताकत से परिपूर्ण मैदी जी जरूर कुछ बड़ा करेंगे? देखना अब ये है पेड़ काटने वाले का दीपावली के बाद क्या होगा सीन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के मैम्बर भाटी जी हकीकत में है बहुत ही व्यक्ति सीधे-साधे? उनको पता ही नहीं है कि क्या है राजनीति के इरादे? नहीं हैं उनको इस पार से उस पार तक की खींच-तान का एहसास? इसलिए तो वो गिफ्ट लेकर पहुंचे थे किसी जनप्रतिनिधि के पास? उनकी मासूमियत पर हमको हो रहा था नाज? उनको शायद अंदाजा नहीं था कि राजनीति की कुछ परिस्थितियां ना जाने कब किसको कर देती हैं नाराज?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## वार्ड 99 के एक्सप्रेस गार्डन सोसायटी में भव्य दिवाली मेले का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 एक्सप्रेस गार्डन सोसायटी वैभव खंड वार्ड 99 इंदिरापुरम में भव्य दिवाली मेले का अत्यंत शानदार आयोजन किया गया। मेले में तरह-तरह की विभिन्न वस्तुओं की आकर्षक दुकानों के साथ-साथ फूड स्टाल लगाई गई थीं।मेले में बच्चों ने लगाए गए भांति-भांति के झूलों का खूब लुत्फ उठाया।

सोसाइटी के बच्चों, महिलाओं व पुरुषों ने सुरम्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं सोसाइटी की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत फैशन शो, रैंप वॉक मेले का मुख्य आकर्षण रहा।मेले में मुख्य रूप से प्रीति जैन पार्षद, अभिनव जैन पूर्व पार्षद ने आकर कार्यक्रम दीप प्रजलन किया। एक्सप्रेस गार्डन सोसायटी आर डबल्यू ए से ए के श्रीवास्तव व आलोक सेन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मेले में एक स्टाल मुस्कान एन जी ओ ने भी लगाई, जो पिछले 43 वर्षों से मानसिक रूप से मंद बुद्धि बच्चों के लिए देश में कार्यरत है और उन बच्चों ने उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न सजावटी सामानों व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री की। समस्त लोगों ने उनकी समस्त सामग्री खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## दीपावली पर खिला फूलों का बाजार, घरों-मंदिरों में बढ़ी मांग

### गुलाब, गेंदा और कमल की बिक्री में आई तेजी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली के पर्व पर गाजियाबाद और दिल्ली एनसीआर के मंदिरों से लेकर बाजारों तक फूलों की जबरदस्त मांग देखने को मिली है। मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना में उपयोग होने वाले फूलों-विशेषकर गेंदा, गुलाब और कमल-की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। मंदिरों में सजावट, पूजा और तोरण-द्वारों के लिए फूलों की मांग में उछाल आने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।



**कमल के फूल की बढ़ी मांग**

करंट क्राइम : दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा में कमल का फूल अति आवश्यक माना जाता है। इस वजह से सोमवार को बाजार में हजारों कमल के फूल आने की उम्मीद है, जिनकी कीमत 50 से 70 रुपये प्रति फूल के बीच रहेगी। गाजियाबाद मुरादनगर का लक्ष्मी नारायण मंदिर और गणेश मंदिर-में कमल की विशेष मांग बताई जा रही है। गाजियाबाद से लेकर दिल्ली तक मंदिरों में इस बार देशी फूलों की सजावट देखने को मिलेगी। गेंदा और गुलाब के साथ सजावट के लिए चमेली, रजनीगंधा और कमल का प्रयोग भी बढ़ा है। दीपावली की रात मां लक्ष्मी की आराधना में इन फूलों की सुगंध पूरे माहौल को पवित्र बनाएगी।

**फूलों से हुई जमकर सजावट**

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के आसपास के ग्रामीण इलाकों में इस समय गुलाब और गेंदा की खेती जोरों पर है। मंडी से रोजाना सैकड़ों क्विंटल फूल दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम और फरीदाबाद के बाजारों और मंदिरों में भेजे जा रहे हैं। फूल कारोबारी विकास के अनुसार, इन दिनों प्रतिदिन करीब 800 क्विंटल गुलाब और 125 क्विंटल गेंदा फूल की खपत हो रही है, जबकि सामान्य दिनों में यह मांग 200 क्विंटल तक सीमित रहती है। शनिवार को थोक मंडी में गुलाब 300 रुपये किलो और गेंदा 100 रुपये किलो तक बिका। यही फूल दिल्ली और गाजियाबाद की रिटेल मंडियों में 400 से 600 रुपये किलो तक पहुंच गए। गाजियाबाद की कोटगांव, राजनगर, कविनगर, शिवमंदिर क्षेत्र, विजयनगर मंडियों में शनिवार को दिनभर खरीदारों की भीड़ लगी रही।

## मिशन शक्ति अभियान का असर-बाजारों में दिखी महिला पुलिस की सक्रिय मौजूदगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्योहारी सीजन में इस बार गाजियाबाद के बाजारों में मिशन शक्ति अभियान का असर साफ नजर आया। भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल की मौजूदगी दिखी। एसीपी से लेकर पिंक बूथ की महिला प्रभारी तक सुरक्षा की कमान संभाले रहीं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे मिशन 5.0 के तहत महिलाओं को न सिर्फ सशक्त बनाना बल्कि उन्हें अपराध से सुरक्षित रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना थाना स्तर पर की गई है, ताकि हर महिला को तुरंत सहायता मिल सके।

**भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिला बल की तैनाती-स्कूल, कॉलेज, मेट्रो तक फैला अभियान**

करंट क्राइम : त्योहारी भीड़ के बीच मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती जगह-जगह की गई। महिला उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल स्तर की पुलिस कर्मियों को स्कूल, कॉलेज, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर तैनात किया गया। इनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा का एहसास दिलाना और स्वयं जागरूक बनें, दूसरों को भी जागरूक करेंह संदेश फैलाना था। इन अभियानों में महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 और महिला थाने से जुड़ने की जानकारी दी गई।



**महिला एसीपी ने संभाली मोर्चा-बाजारों से लेकर थानों तक दिखी मजबूत उपस्थिति**



करंट क्राइम : सिटी से लेकर देहात और नदिया पार क्षेत्र तक, महिला एसीपीज ने कमान संभाली। जिसमें एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे,एसीपी मसूरी लिपि निगायच, महिला अपराध नियंत्रण एसीपी सलोनी अग्रवाल, इन सभी अधिकारियों ने अपने-अपने सर्किलों में न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया बल्कि मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किए। महिलाओं की सुरक्षा के संदेश के साथ बाजारों में उनकी सक्रिय मौजूदगी ने लोगों में विश्वास का माहौल बनाया।

## जिलाधिकारी ने बहु-मंजिला बिल्डिंगों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए टास्क फोर्स का गठन किया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि आवासीय कालोनियों और बहु-मंजिला बिल्डिंगों (अपार्टमेंट्स) से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इन समस्याओं में उचित रख-रखाव का अभाव, जन सुविधाओं की कमी, लिफ्ट और अन्य सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस तरह की समस्याएं न केवल निवासियों के लिए असुविधाजनक हैं, बल्कि भविष्य में कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना घटित होने की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता। ऐसे में, इन मुद्दों को शीघ्र और प्रभावी रूप से सुलझाना अत्यंत आवश्यक है।

गठित टास्क फोर्स में नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद (अध्यक्ष), क्षेत्रीय सहायक पुलिस आयुक्त (सदस्य), डिप्टी रजिस्ट्रार चिट्स, फंड और सोसाइटीज गाजियाबाद (सदस्य) तथा संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी (सदस्य) शामिल होंगे। यह टीम आवासीय कालोनियों और अपार्टमेंट्स से जुड़ी शिकायतों का समाधान करने के लिए आपसी समन्वय से काम करेगी और भविष्य में प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करेगी। उम्मीद है कि इस पहल से निवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और सुरक्षा के लिहाज से भी माहौल सुरक्षित रहेगा।

## कौशांबी में दीपावली महोत्सव का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित जयपुरिया एंक्लेव सोसाइटी एवं कैलाश त्रिशूल टावर में दीपावली महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे।

पार्षद कुसुम गोयल ने कहा कि कौशांबी शिव की नगरी है, क्योंकि यहां त्रिशूल, शिवालिक, कैलाश, नंदा, उदयगिरि सहित अन्य टावर हैं और गंगा टावर भी है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एक दूसरे को बधाई देते हुए दीपावली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जयपुरिया अध्यक्ष के एल सचदेवा, महामंत्री शोभा रानी बरनवाल, रेनू मल्होत्रा, ममता कलर, नीतू जैन, विजय कपूर, स्वाति गुप्ता, उषा गुप्ता, कैलाश त्रिशूल आदि लोग मौजूद रहे।

## पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने दीपावली पर सफाई मित्रों को सम्मानित कर मिठाई बांटी




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दीपावली के पावन अवसर पर इंदिरापुरम वार्ड 978 के पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने सफाई मित्रों को सम्मानित कर मिठाई बांटी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफाई मित्र हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी मेहनत और समर्पण को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है।

डॉक्टर अनिल तोमर ने कहा कि सफाई मित्रों की मेहनत और समर्पण के बिना हमारा समाज स्वच्छ और स्वस्थ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें सफाई मित्रों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित थे, जिन्होंने डॉक्टर अनिल तोमर के इस प्रयास की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वो सांसद प्रतिनिधि हैं और रोजाना ही राजनीतिक और सामाजिक सरोकार होते हैं। मगर जन्मदिन एक ऐसी खुशी है जिसमें पूरे परिवार के संस्कार होते हैं। राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों के बर्थडे पर सबसे ज्यादा हैप्पी उनका परिवार नजर आया। परिवार ने इस खुशी को सैलिब्रेट किया। आज के दौर में ये तस्वीर रेयर है। जब एक परिवार है और सारे सदस्यों में स्नेह और प्यार है। राजेन्द्र मित्तल के बड़े भाई देवेन्द्र मित्तल हैं, बड़ी भाभी शोभा मित्तल हैं। मनीष मित्तल, दामाद विशाल अग्रवाल राजस्थान वाले, पारीषा, सुरभि मित्तल, अनुज मित्तल, निखिल मित्तल, नेहा मित्तल, अंशुल मित्तल, हिमानी मित्तल, यश मित्तल, संचित मित्तल, पीहू मित्तल, तेजस मित्तल, नीलम मित्तल, अदनय मित्तल, अभियान अग्रवाल, वायु अग्रवाल ने मिलकर राजेनद्र मित्तल मैदी वालों को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके यशस्वी जीवन, लम्बी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। ये तस्वीर केवल एक तस्वीर नहीं है बल्कि ये आने आप में परिवार नाम की संस्था के महत्व को बता रही है। ये परिवार के संस्कार को बता रही है और परिवार में प्यार को बता रही है। जन्मदिन की यह फैमिली फोटो बनी दैनिक करंट क्राईम की पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका के शहरों में सड़कों पर उतरे हजारों लोग, ट्रंप पर लगाया सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन और कई अन्य शहरों में हजारों लोगों ने एक साथ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नीतियों और उनके 'सत्तावादी रवैये' के खिलाफ किए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ट्रंप लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी ने इन प्रदर्शनों को 'हेट अमेरिका' आंदोलन करार दिया है, यानी अमेरिका से नफरत करने वालों का आंदोलन।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि दिन खत्म होने तक लाखों लोग अमेरिका के बड़े शहरों, छोटे कस्बों में इन प्रदर्शनों में शामिल हो सकते हैं। यहां तक कि विदेश के कुछ



शहरों में भी इन प्रदर्शनों के समर्थन में लोग सड़कों पर उतर सकते हैं।

जून के महीने में 'नो किंग्स' नाम से पहला बड़ा प्रदर्शन हुआ था। अब यह आंदोलन फिर से तेज हो गया है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में कुछ विवादित फैसले लिए हैं। इनमें राजनीतिक विरोधियों पर आपराधिक मामले चलाना, प्रवासियों पर छापेमारी और कई अमेरिकी शहरों में संघीय बलों की तैनाती शामिल है। वॉशिंगटन में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर रैलियां निकालीं और अमेरिकी संसद भवन की ओर बढ़े। रॉयटर्स के मुताबिक, प्रदर्शन का माहौल एक त्योहार जैसा दिखा।

लोग हाथों में पोस्टर, अमेरिकी झंडे और गुब्बारे लिए हुए थे। कुछ लोग तो खास तरह की पोशाकें पहनकर भी आए थे। केवल वॉशिंगटन ही नहीं, बल्कि न्यूयॉर्क, बोस्टन, शिकागो और अटलांटा जैसे शहरों में भी इन रैलियों में काफी संख्या में लोग जुटे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि वह लोकतंत्र और न्याय के लिए यहां खड़े हैं। उन्होंने कहा कि वह सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

## मैं कोई राजा नहीं हूं: डोनाल्ड ट्रंप



ट्रंप ने प्रदर्शनों के शुरू होने के बाद कोई बयान नहीं दिया। लेकिन इससे पहले उन्होंने इन रैलियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था- वे मुझे राजा कह रहे हैं, लेकिन मैं कोई राजा नहीं हूं। फॉक्स बिजनेस के साथ एक इंटरव्यू में ट्रंप ने यह बयान दिया था। इन रैलियों का आयोजन 'इंडिविजिबल' नाम के संगठन ने किया है। इसके सह-संस्थापक लिया ग्रीनबर्ग के अनुसार, करीब 300 छोटे-बड़े सामाजिक संगठनों ने मिलकर इन प्रदर्शनों को आयोजित किया है।

# बच्चों की जिज्ञासा को सिर्फ दिशा देने की जरूरत...नियंत्रण की नहीं

**टोरंटो।** माता-पिता और शिक्षक अक्सर यह तय करने में जुटे रहते हैं कि बच्चों को क्या सीखना चाहिए? लेकिन अब विज्ञान कह रहा है कि बच्चों की जिज्ञासा को बस दिशा देने की जरूरत है, नियंत्रण की नहीं। साइकोलॉजी टुडे में प्रकाशित टोरंटो के रॉटमैन रिसर्च इंस्टीट्यूट के एक अध्ययन के अनुसार जब बच्चे किसी चीज में खुद रुचि लेकर डूबते हैं चाहे वह पक्षियों को पहचानना या उनकी आवाज पहचानना हो, डायनासोर के नाम याद रखना या संगीत के सुर पकड़ना तो उनका मस्तिष्क नई जानकारी को न सिर्फ तेजी से ग्रहण करता है बल्कि लंबे समय तक सहेज भी लेता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों को सिखाने से ज्यादा जरूरी है उन्हें खोजने देना, क्योंकि जिज्ञासा से उपजी सीख सबसे गहरी और स्थायी होती है। शोधकर्ताओं एरिक विंग और उनकी टीम का कहना है कि जो बच्चे खुद चीजें खोजते हैं, उनका मस्तिष्क सेल्फ जेनरेटेड फीडबैक बनाता है। यानी वे खुद को सिखाने की क्षमता विकसित करते हैं। विंग बताते हैं, जब बच्चे खुद जानकारी एकत्र करते हैं जैसे किसी पक्षी की तस्वीर लेना, उसकी आवाज रिकॉर्ड करना या उसका चित्र बनाना तो उनका मस्तिष्क सक्रिय रूप से सोचता है, न कि सिर्फ याद करता है। शोधकर्ताओं ने दो समूह बनाए। एक, वे बच्चे जिन्हें किसी क्षेत्र जैसे पक्षियों की पहचान, संगीत या चित्रकला में पहले से रुचि थी, और दूसरा, वे जिनका उस विषय से कोई संबंध नहीं था। जैसे पक्षियों की नई प्रजातियां या अज्ञात ध्वनियां और पहचानने को कहा गया।

परिणाम में रुचि वाले बच्चे नई जानकारी को तेजी से समझ गए और लंबे समय तक याद रख पाए। दूसरे समूह के बच्चे या तो समझ ही नहीं पाए और जो समझे उन्हें बहुत समय लगा। निष्कर्ष यह निकला कि जब बच्चा किसी विषय से भावनात्मक रूप से जुड़ता है तो उसका मस्तिष्क अधिक सक्रिय होकर उसी दिशा में सीखने की क्षमता बढ़ा देता है।

# पूर्व पीएम ओली ने किया एलान, आम चुनाव नहीं लड़ेगी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी

**काठमांडो।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी 5 मार्च, 2026 को होने वाले आम चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। ओली के इस बयान पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने असंतोष जताया है। बौद्धिक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को शीतल निवास में हुई बातचीत के दौरान राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी दल का चुनाव से दूर रहना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए उचित संकेत नहीं है।

बैठक में शामिल एक सहभागी ने अमर उजाला से कहा, राष्ट्रपति पौडेल ओली के उस निर्णय से असंतुष्ट थे, जिसमें एमाले ने आगामी चुनाव से दूर रहने की घोषणा की है। चर्चा के दौरान राष्ट्रपति पौडेल ने यह भी याद दिलाया कि उन्होंने सुशीला कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का निर्णय भी ओली की सिफारिश पर किया था।

# 'कम से कम 25 हजार अमेरिकी मारे जाते', ट्रंप ने कैरेबियाई क्षेत्र में पनडुब्बी को निशाना बनाने को सराहा





**वॉशिंगटन।** अमेरिकी ने कैरेबियाई जल क्षेत्र में एक संदिग्ध पनडुब्बी को निशाना बनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को बताया कि इस पनडुब्बी से फेंटानिल ड्रग की अमेरिका में तस्करी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि अमेरिकी हमले में ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि अमेरिका दो संदिग्ध ड्रग तस्करों को उनके मूल देश इक्वाडोर और कोलंबिया वापस भेज रहा है।

**'25 हजार अमेरिकियों की होती मौत'**

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर साझा एक पोस्ट में लिखा, 'एक बड़े पैमाने पर ड्रग ले जाने वाली पनडुब्बी को नष्ट करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात थी। यह पनडुब्बी एक जाने-माने मादक पदार्थों की तस्करी के रास्ते स ा अमेरिका की ओर आ रही थी।'

उन्होंने आगे कहा कि यह पनडुब्बी फेंटनाइल और अन्य ड्रग्स से भरी हुई थी। ट्रंप ने लिखा कि पनडुब्बी पर चार तस्कर सवार थे, जिनमें से दो अमेरिकी हमले में मारे गए और बाकी दो को हिरासत में लेकर उनके मूल देश कोलंबिया और इक्वाडोर भेजा जा रहा है। अगर यह पनडुब्बी अमेरिका पहुंच जाती तो इसमें मौजूद ड्रग्स से कम से कम 25 हजार अमेरिकी लोगों की मौत होती।

# पार्श्वनाथ पैराडाइज मोहन नगर में दीप उत्सव का भव्य आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर, पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसाइटी में इस वर्ष दीपावली के पावन अवसर पर दीप उत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व भाजपा नेता अविनाश शर्मा द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम को सुसंगठित रूप से संपन्न किया गया।

दीपों की रौशनी, रंगोली की सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को एक आनंदमयी रंग में रंग दिया। सोसाइटी के सभी सदस्यों ने उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया और दीपों से पूरे परिसर को जगमग कर दिया।

इस अवसर पर सोसाइटी के अनेक गणमान्य निवासी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विभा सिंह, हिमानी गुप्ता, सुरेंदर प्रताप सिंह, गुलशन अरोरा, विजेंदर पुंडीर, निर्भय शर्मा, प्रदीप मित्तल, अमित जैन, विकास चौधरी धीरेन्द्र शर्मा आदि लोग शामिल रहे।





अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी मेलजोल और भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक दीप प्रज्वलन और मिठाई वितरण के साथ हुआ।

# चीन ने अमेरिकी एजेंसी पर लगाया साइबर हमले करने का आरोप

## कहा- राष्ट्रीय समय सेवा केंद्र को बनाया निशाना

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी पर उसके राष्ट्रीय समय सेवा केंद्र पर साइबर हमला करने का आरोप लगाया है। बीजिंग ने कहा कि इससे जरूरी सेवाओं के क्षेत्र में संकट आ सकता था। उसने दावा किया कि अमेरिका ने एक मोबाइल ब्रांड की कमजोरियों का फायदा उठाकर संवेदनशील डाटा चुराया और 42 तरह के साइबर हथियारों से हमले किए। चीन ने रविवार को अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) पर उसके राष्ट्रीय समय सेवा केंद्र पर साइबर हमला करने का आरोप लगाया। चीन के मुताबिक, इस हमले से नेटवर्क संचार, वित्तीय प्रणाली और बिजली आपूर्ति जैसे अहम क्षेत्रों में बड़ा संकट पैदा हो सकता था।



चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'वीचैट' पर पोस्ट कर दावा किया कि एनएसए ने एक विदेशी मोबाइल फोन ब्रांड की मैसेजिंग सेवाओं की कमजोरियों का फायदा उठाकर 2022 में समय केंद्र के कर्मचारियों के उपकरणों से संवेदनशील जानकारी चुराई। हालांकि, मंत्रालय ने उस ब्रांड का नाम नहीं बताया। मंत्रालय ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी एजेंसी ने 2023 से 2024 के बीच इस केंद्र की कई आंतरिक नेटवर्क प्रणालियों को निशाना बनाने के लिए 42 प्रकार के विशेष साइबर हमले के हथियारों का इस्तेमाल किया और एक अहम समय प्रणाली में घुसपैठ की कोशिश की। चीन ने कहा कि उसके पास इसके सबूत हैं। हालांकि, उसने पोस्ट में कोई प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया। मंत्रालय ने बताया कि यह समय केंद्र चीन के मानक समय को तैयार और वितरित करने की जिम्मेदारी निभाता है और इसका उपयोग संचार, वित्त, ऊर्जा, परिवहन और रक्षा जैसे क्षेत्रों में किया जाता है।

## ट्रंप ने साझा किया एआई से बना वीडियो

# 'नो किंग्स' आंदोलनकारियों पर लड़ाकू विमान से कीचड़ फेंका

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बना वीडियो साझा किया, जिसमें वह खुद एक लड़ाकू विमान उड़ाते दिख रहे हैं। उस विमान पर 'किंग ट्रंप' लिखा हुआ है और वह न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर जैसी जगह पर उन लोगों पर कीचड़ गिरा रहे हैं, जो 'नो किंग्स' आंदोलन कर रहे हैं। 19 सेकंड के इस वीडियो को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर डाला।

इसमें वह अमेरिकी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैरी सिसन और बाकी प्रदर्शनकारियों पर ऊपर से कीचड़ फेंकते नजर आते हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, 'नो



किंग्स' प्रदर्शन में लगभग 70 लाख लोग शामिल हुए। यह प्रदर्शन अमेरिका के 2,700 से ज्यादा शहरों और कस्बों में फैला, जहां लोगों ने ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। यह संख्या जून में हुए पहले 'नो किंग्स' प्रदर्शन से 20 लाख ज्यादा है।

पुलिस के मुताबिक, ये प्रदर्शन ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे और किसी बड़े झड़प या गिरफ्तारी की खबर नहीं है। सीएनएन ने बताया कि ट्रंप की सख्त

> पुलिस के मुताबिक, ये प्रदर्शन ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे और किसी बड़े झड़प या गिरफ्तारी की खबर नहीं है

आव्रजन नीति का केंद्र शिकागो में लोगों ने 'हैंड्स ऑफ शिकागो' जैसे पोस्टर लेकर और उल्टे अमेरिकी झंडे व मैक्सिकन और प्राइड झंडे लहराकर प्रदर्शन किया। लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों ने फुलाए हुए पोशाकें पहनकर अमेरिकी झंडे लहराए और सड़कों पर उतरे। वहीं, वॉशिंगटन डीसी में सरकार शटडाउन के 18वें दिन मौजूदा और पूर्व सरकारी कर्मचारियों ने पेनसिल्वेनिया एवेन्यू पर प्रदर्शन किया और राजनीति में शांति की अपील की।

इस बढ़ते विरोध के बीच व्हाइट हाउस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप को सम्राट का ताज पहने दिखाया गया। ये प्रदर्शन उस समय हो रहे हैं जब अमेरिका में राजनीतिक तनाव चरम पर है।

सरकार का कामकाज बंद है और वॉशिंगटन में बजट बिल को लेकर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन नेताओं के बीच टकराव जारी है। डेमोक्रेट नेताओं ने इन प्रदर्शनों का समर्थन किया है, जबकि कई रिपब्लिकन सांसदों ने इन्हें अमेरिका विरोधी बताया है।

## हिंदू लड़की की अपहरण के बाद

# धर्म परिवर्तन कराकर बुजुर्ग से कराई गई शादी

**कराची/पेशावर।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक सुनने और बोलने में अक्षम हिंदू नाबालिग अब मीडिया के सामने आई है। नाबालिग लड़की एक हफ्ते से अधिक समय से गुमशुदा थी। उसके पास कथित तौर पर इस्लाम धर्म अपनाने का प्रमाण पत्र था और उसने खुद से कई साल बड़े मुसलमान व्यक्ति से शादी करने का दावा किया है। यह नाबालिग बदीन जिले के कोरोहा कस्बे की रहने वाली है और करीब नौ दिन पहले लापता हो गई थी। उसके माता-पिता ने स्थानीय पुलिस थाने में अपहरण की शिकायत दर्ज करवाई थी। शनिवार को यह नाबालिग बदीन प्रेस क्लब में अपने कथित पति के साथ मीडिया के सामने आई। वहां उसकी तस्वीरें ली गईं, जिनमें वह धर्म परिवर्तन का प्रमाण पत्र पकड़े हुई थी।

लड़की के पिता ने सवाल उठाते हुए कहा कि एक बहरी-गूंगी नाबालिग लड़की कैसे एक ऐसे व्यक्ति से शादी के लिए सहमति दे सकती है, जो नशे का कारोबारी है और जिसकी पहले



**पिता ने जांच की मांग**

से सात बेटियां हैं। दारावर इत्तेहाद पाकिस्तान नामक संगठन के प्रमुख शिवा कच्छी ने कहा कि लड़की का अपहरण किया गया है, लेकिन पुलिस ने परिवार की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। यह संगठन हिंदुओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करता है।

शिवा कच्छी ने कहा, हमने अपने वकीलों से इस मामले को आगे बढ़ाने की बात की है, क्योंकि हमें नहीं लगता कि लड़की ने यह सब अपनी मर्जी से किया होगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर स्वतंत्र जांच की मांग की है।

**दिवाली से पहले सुरक्षा बढ़ाई गई**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रशासन ने हिंदू त्योहार दिवाली के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए राजधानी पेशावर और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि त्योहार को देखते हुए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पेशावर के प्रमुख स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और विशेष टीमें दिन-रात गश्त और निगरानी कर रही हैं। सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मंदिरों और अन्य संवेदनशील जगहों के आसपास निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके। पुलिस, जिला प्रशासन और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो और हिंदू समुदाय दिवाली को बिना डर के मना सके।

हिंदू समुदाय के लोग मंदिरों और घरों को दीयों, फूलों और पारंपरिक सजावटों से सजा रहे हैं। कई मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठान और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पेशावर के आसपास के जिलों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शहर के अंदर और बाहर आने-जाने वाले रास्तों पर चेकपोस्ट बनाकर निगरानी की जा रही है। 'रोशनी का त्योहार' दिवाली अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

# चेंग ली-वुन बनीं मुख्य विपक्षी पार्टी की अध्यक्ष, पांच उम्मीदवारों को हराया; नवंबर में संभालेगी पद

**ताइपे।** ताइवान की मुख्य विपक्षी 'नेशनलिस्ट पार्टी' ने शनिवार को एक कड़े मुकाबले के बाद पूर्व सांसद चेंग ली-वुन को अपना नया अध्यक्ष चुना। इस चुनाव में चीन की दखलंदाजी के आरोप लग रहे थे। चुनाव में एकमात्र महिला उम्मीदवार चेंग ली-वुन ने सबसे ज्यादा मत हासिल किए। वह खुद को एक बदलावकारी नेता के रूप में पेश कर रही थीं। उन्होंने ताइपे के पूर्व मेयर हाउ लुंग-बिन और चार अन्य उम्मीदवारों को हराया। यह पार्टी चीन के साथ करीबी संबंधों के लिए जानी जाती है और इसे केएमटी के नाम से भी जाना जाता है।

हालांकि, पार्टी को पिछले तीन बार के राष्ट्रपति चुनावों में आजादी समर्थक सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) से हार का सामना करना पड़ा है। फिर भी केएमटी की ताइवान की राजनीति में मजबूत पकड़ बनी हुई है।

पार्टी के पास संसद में इतनी सीटें हैं कि वह अपने सहयोगियों के साथ



मिलकर बहुमत वाला गठबंधन बना सकती है। कुछ महीने पहले हुए पुनचुर्नाव में भी केएमटी को जीत मिली थी। यह चुनाव उस समय लाए गए कुछ कानूनों के खिलाफ विरोध के चलते हुए थे। ये कानून राष्ट्रपतिकी शक्तियों को कम करने और चीन के पक्ष में माने जा रहे थे।

चेंग नवंबर में अपना पद संभालेंगी और उनके आने से यह तय होगा कि ताइवान चीन के साथ अपने संबंधों को किस दिशा में ले जाएगा। इसके अलावा, वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नीतियों पर भी असर डालेंगी। वह पार्टी की 2026 के स्थानीय चुनावों में अगुवाई करेंगी। साथ ही, पार्टी 2028 में राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के खिलाफ भी उम्मीदवार उतारेगी। अपने चुनाव प्रचार के दौरान चेंग ने कहा था कि वह पार्टी को 'भेड़' से 'शेर' बनाना चाहती हैं।

उन्होंने राष्ट्रपति लाई के उस प्रस्ताव का विरोध किया जिसमें रक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच फीसदी करने की बात कही गई थी। खास बात यह है कि चेंग कभी खुद भी डीपीपी की सदस्य रह चुकी हैं। चुनाव जीतने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेंग ने कहा कि पार्टी विदेश नीति में समानता, सम्मान और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों का पालन करेगी। उन्होंने कहा, हमें ताइवान को किसी संकट का कारण नहीं बनने देना चाहिए। दूसरा, हमें ताइवान को भू-राजनीति की बलि नहीं चढ़ने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी शांति बनाए रखने वाली पार्टी बनेगी। चीन की ताइवान को लेकर मौजूदा सरकार से खासतौर पर टकराव की स्थिति बनी हुई है। बीजिंग राष्ट्रपति लाई को अलगाववादी मानता है और कह चुका है कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह ताइवान पर बल प्रयोग भी कर सकता है। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर सैन्य, राजनयिक और आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है ताकि वहां की सरकार को कमजोर किया जा सके।

# दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय में मना दिपावली महोत्सव, संपादक मनोज गुप्ता ने दी शुभकामनाएं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दीपावली के पर्व पर दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय में करंट क्राइम परिवार द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य करंट क्राइम परिवार के संरक्षक सुभाष गुप्ता, संपादक मनोज गुप्ता, श्रीमती अंकित गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी ने समस्त स्टाफ को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ओम गुप्ता, वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह, फोटो जर्नलिस्ट वरुण लाहोरिया, डिजाइनर हेड नरेश शर्मा, मार्केटिंग प्रभारी हरीश कुमार, मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव विष्णु गुप्ता, ग्राफिक डिजाइनर नितिन कुमार, विक्की सैनी, वरूण त्यागी मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यालय सहायक करण शुक्ला, अरविन्द कुमार भी उपस्थित रहे।

# ट्रांस हिंडन जोन पुलिस ने 137 मोबाइल फोन किए बरामद

## लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के मोबाइल फोन उनके स्वामियों को लौटाए गए

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले सभी थानों और सर्विलांस/स्वॉट टीमों द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कुल 137 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये आंकी गई है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि यह कार्रवाई सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल के माध्यम से दर्ज मोबाइल चोरी, स्नैचिंग, लूट और गुमशुदगी की शिकायतों पर की गई।

पुलिस की टीमों ने तकनीकी विश्लेषण व सीईआईआर पोर्टल पर सतत ट्रैकिंग करते हुए विभिन्न राज्यों–हरियाणा, बिहार, दिल्ली-एनसीआर आदि से मोबाइल बरामद किए। बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को पहचान के बाद सुपुर्द कर दिया गया।







**थानावार मोबाइल बरामदगी का विवरण :**

- थाना इंदिरापुरम 18
- थाना कौशांबी 32
- थाना खोडा 18
- थाना साहिबाबाद 12
- थाना लिंक रोड 17
- थाना शालीमार गार्डन 28
- थाना टीलामोड़ 12

**प्रकारवार बरामद मोबाइल फोन**

- चोरी किए गए मोबाइल फोन 05
- गुमशुदा मोबाइल फोन 128
- स्नैचिंग/लूट के मोबाइल फोन 04
- कुल बरामद मोबाइल फोन : 137 की अनुमानित कीमत 40 लाख रूपये बताई जा रही है।

# आरआरआर मुहिम के तहत नगर निगम टीम ने स्लम एरिया में मनाई दीपावली

## बच्चों को बांटी गई मिठाई, चॉकलेट और गर्म कपड़े, स्वच्छ दीपावली का दिया संदेश

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा रिड्यूस, रीयूज और रीसायकल अभियान के अंतर्गत इस बार दीपावली का पर्व कुछ अलग अंदाज में मनाया गया। नगर निगम की टीम ने स्लम एरिया में जाकर बच्चों के साथ दीपावली मनाई, मिठाइयाँ और चॉकलेट बाँटीं, साथ ही जरूरतमंद परिवारों को कपड़े, जूते और अन्य वस्तुएँ वितरित कीं। यह विशेष आयोजन विवेकानंद नगर और वसुंधरा मैक्स हॉस्पिटल के पास ट्रिपल आर सेंटर वैशाली के सहयोग से किया गया। सर्दी की शुरूआत को देखते हुए, ट्रिपल आर सेंटर पर एकत्र किए गए गर्म कपड़े, जूते और जरूरत की वस्तुएँ बच्चों को दी गईं। इस दौरान 50 से अधिक बच्चों को गर्म कपड़े और फुटवियर वितरित किए गए।





नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और एसबीएम टीम ने स्वच्छ दीपावली, खुशहाल दीपावली का संदेश देते हुए लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। आरआरआर सेंटर वैशाली पर सामाजिक संस्थाओं की मदद से एकत्र हुई किताबें, कपड़े, बर्तन और घरेलू सामानों को पुनः उपयोग योग्य बनाकर जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया गया। दीपावली की रोशनी और बच्चों की मुस्कुराहट से पूरा इलाका जगमगा उठा। लोगों ने नगर निगम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह दीपावली वास्तव में अर्थपूर्ण और मानवीय बन गई है।

## धनतेरस पर चमत्कार! डॉ. सिंह पेट केयर हॉस्पिटल में

# फीमेल डॉग के पेट से निकले लक्ष्मी-गणेश के चांदी के सिक्के

**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** धनतेरस का दिन वैसे तो धन, स्वास्थ्य और सौभाग्य के स्वागत का प्रतीक माना जाता है, लेकिन इस बार गाज़ियाबाद में यह दिन एक सजीव चमत्कार बन गया।

राजनगर एक्सटेंशन स्थित डॉ. सिंह पेट केयर मैक्सपेट मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने पूरे स्टाफ को आश्चर्य में डाल दिया – एक फीमेल डॉग जीवा के पेट से सर्जरी के दौरान लक्ष्मी जी और गणेश जी के चांदी के सिक्के निकले! अस्पताल टीम ने जीवा को उसकी नियमित स्पे सर्जरी (नसबंदी) के लिए भर्ती किया था। प्रक्रिया से पहले किए गए एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड में डॉक्टरों को पेट के अंदर कुछ धातु जैसी आकृति दिखाई दी। संदेह गहराया, और एंडोस्कोपी के जरिए वस्तु निकालने की कोशिश की गई – लेकिन असफलता मिली। इसके बाद डॉ. प्रीतपाल सिंह, डॉ. फैजा, और डॉ. विनय की टीम ने सर्जरी का निर्णय लिया। और जैसे ही सर्जरी आगे बढ़ी – जो दृश्य सामने आया, उसने सबको स्तब्ध कर दिया। जीवा के पेट से निकली वस्तुएं कोई साधारण धातु नहीं, बल्कि लक्ष्मी जी और गणेश जी के चांदी के सिक्के थे! टीम के सभी डॉक्टर कुछ पल के लिए एकदम शांत रह गए – धनतेरस के दिन ही, जब लोग लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर रहे थे, उसी दिन यह दैवी प्रतीक ऑपरेशन थिएटर में प्रकट हुआ! अस्पताल स्टाफ ने इस संयोग को एक शुभ संकेत और ईश्वरीय आशीर्वाद माना। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और अब जीवा पूरी तरह स्वस्थ है – वह सामान्य रूप से भोजन कर रही है और उसकी तबीयत बिल्कुल ठीक है। अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रीतपाल सिंह ने कहा – धनतेरस के दिन लक्ष्मी-गणेश का इस रूप में आशीर्वाद मिलना सचमुच दुर्लभ है। यह केवल एक मेडिकल केस नहीं, बल्कि आस्था और विज्ञान का अद्भुत संगम है। अस्पताल प्रबंधन ने इस सफलता को धनतेरस पर चमत्कारिक सौगात बताते हुए सर्जन टीम को सम्मानित किया। लोग अब सोशल मीडिया पर इसे जीवा का धनतेरस चमत्कार कह रहे हैं।







# नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा आईटीएमएस के चल रहे कार्यों का लिया गया जायजा

## 210 इंच की दो बड़ी स्क्रीन के माध्यम से होगी शहर की यातायात की मॉनिटरिंग:नगर आयुक्त

> अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होगी योजना की शुरूआत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है जिसकी मॉनिटरिंग लगातार चल रही है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्थल निरीक्षण करते हुए चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। निरीक्षण के समय मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी की उपस्थित रहे जिनके द्वारा रोड रेस्टोरेशन के कार्य को भी देखा गया साथ ही 82 रोड साइड यूनिट उपकरण का भी निरीक्षण किया गया। शेष बचे हुए कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा कार्यदाई संस्था एफकौन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव भारद्वाज को निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की तैयार हो चुकी बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया जिसमें उपकरणों को इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से चल रहा है 210 इंच की बड़ी स्क्रीन ग्राउंड फ्लोर तथा फर्स्ट फ्लोर पर लगाने की तैयारी चल रही है जिसके माध्यम से नवंबर माह में शहर की यातायात व्यवस्था पर निगरानी रखी जाएगी, टीम को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा 20 से अधिक लगे कंप्यूटर के माध्यम से कैमरे को जोड़ा जाएगा जिसको तेजी से करने के निर्देश दिए गए।






## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।